डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26
R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 194 | पेज: 8 | जयपुर, मंगलवार 24 जून 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## सोशल मीडिया पर बँटा देश, बहस रोचक स्थिति में

### -एक पक्ष इजराईल और दूसरा पक्ष ईरान की तरफ झुका हुआ नजर आ रहा है



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। इजराईल-अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। इजराईल-अमेरिका दोनों मिलकर ईरान पर हवाई आक्रमण कर रहे है। इजराईल-अमेरिका की सैन्य ताकत के सामने ईरान कमजोर दिखाई दे रहा है। क्योंकि, इजराइल और अमेरिका की हवाई सैन्य ताकत ईरान से बहुत ज्यादा हैं। फिर भी ईरान ने अपनी मिसाईलों और ड्रोनो से इजराइल को काफी नुकसान पहुंचाया है। इजराइल की सीमाओं को दुश्मन देशों के लिए अभेद्य माना जाता था। लेकिन ईरान ने अपनी मिसाईलो और ड्रोन द्वारा इजराईल के कई शहरों, बन्दरगाहो, हॉस्पीटलस और दूसरे बुनियादी ढ़ांचे को काफी नुकसान पहुंचाया है। हालांकि ईरान का नुकसान ज्यादा हुआ है। क्योकि अमेरिका, इजराईल ने ईरान के परमाणु ठिकानों, मिसाइल अड्डों एवं ड्रोन गोदामों, तेल-गैस रिफाईनरियों, बन्दरगाहो, एअरपोर्टो का बहुत नुकसान पहुंचाया है। विश्व में जो माहौल दिखाई दे रहा है उससे लग रहा है कि यह युद्ध अभी लम्बा चलेगा। क्योंकि कोई देश झुकने के लिए तैयार नहीं है। जबकि अमेरिका अपनी बराबरी पर किसी दूसरे देश को पसंद नहीं करता है। इसलिए यह युद्ध जब ही रुक सकता है जब ईरान अमेरिका के सामने सरेंडर करदें।

**सोशल मीडिया-** हमारे देश के सोशल मीडिया में साफ दिखाई दे रहा है कि देश की जनता दो पक्षों में बटी हुई है। दोनों पक्षों के बीच रोचक बहस छिड़ी हुई है एक पक्ष खुलकर इजराईल और अमेरिका का पक्ष ले रहा है और कह रहा है कि ईरान को एवं आंतकवादियों को है। इजराईल को गाजा में निर्दोष बच्चों, महिलाओं और जवानों की हत्या का आरोप लगा रहे हैं। यह लोग सोशल मीडिया पर लिख रहे है कि अमेरिका और इजराईल पश्चिमी एशिया में युद्ध के दोषी है। ईरान को इसे सबक सिखाना चाहिय। यह लोग यह भी लिख



जहन्नुम में जाना तय है। अब ईरान को इजराईल से कोई नहीं बचा सकता है। इजराईल को एक पक्ष ऐसे दिखा रहा है कि वह भारत की जनता और भारत का बहुत हितेषी है। कुछ लोग तो सोशल मीडिया पर भारत से इजराईल के पक्ष में युद्ध लड़ने और आंतकवादियों को सबक सिखाने की बात कर रहे है। इसी तरह दुसरा पक्ष ईजराईल को और अमेरिका को इंसानियत का दुश्मन बता रहे रहे है कि इजराईल ने फिलिस्तीन के एक लाख लोगों की जाने लेली और गाजा को खण्डर बना दिया। अब ईरान की मिसाईलों से हो रहे नुकसान से क्यों दर्द हो रहा है। देश में सोशल मीडिया पर बटवांरा धार्मिक और विचारधारा के आधार पर दिखाई दे रहा है। वैसे धार्मिक एवं विचारधारा के आधार पर बहस देश में पहले से ही चलती रहती थी। लेकिन इजराईल, ईरान युद्ध बहसों का मुख्य विषय बना हुआ है।

## निर्मल चौधरी को मिली जमानत, कांग्रेस आलाकमान को दिया क्रेडिट



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। छात्र नेता निर्मल चौधरी को रविवार को अदालत से जमानत मिल गई। निर्मली चौधरी को साल 2022 के मामले में जयपुर पुलिस ने एम.ए की परीक्षा देते गिरफ्तार किया था। निर्मल चौधरी की ओर से एडवोकेट विमल त्यागी सहित अन्य वकीलों ने पैरवी की। जमानत के बाद निर्मल चौधरी विधायक अभिमन्यु पुनिया से उनके निवास पर मिलने पहुंचे। निर्मल चौधरी एवं विधायक अभिमन्यु पुनिया जाट समाज के युवा नेता और प्रदेश की राजनीति में बड़ी पारी खेलने के लिए तैयार हो रहे है। यह युवा नेता जिस तरह जन-आंदोलन करते है उससे प्रदेश के युवाओं में लोकप्रिय हो रहे है। माना जा रहा है कि दोनो युवा नेता जाट समाज के बड़े नेता बन सकते हैं। इनके साथ कांग्रेस का जुड़ाव भविष्य के नेता की ओर इंगित करता है। वर्तमान में यह युवा नेता सरकार एवं भाजपा विरोधी छवि के माने जाते है।

## हर जरूरतमंद तक पहुंचाया जाएगा योजनाओं का लाभ - मुख्यमंत्री

### - 24 जून से 9 जुलाई तक प्रदेशभर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा मनाया जाएगा

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को व्यापक बनाने के लिए कार्ययोजना बनाकर 24 जून से 9 जुलाई तक प्रदेशभर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसके तहत जरूरतमंद व्यक्ति को महत्वपूर्ण विभागों की योजनाओं एवं आवश्यक कार्यों के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि इस पखवाड़े में राजस्व मामलों के तहत लम्बित पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान और नामान्तरण प्रकरणों का निस्तारण सहित विभिन्न कार्य किए जाएंगे। वहीं, ग्रामीण विकास विभाग की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में बीपीएल परिवारों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। साथ ही, पंचायती राज विभाग द्वारा स्वामित्व पट्टों का वितरण एवं वर्षा जल संरक्षण हेतु जलग्रहण संरचनाओं की मरम्मत संबंधी कार्य करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पखवाड़े के दौरान ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली के झूलते तार एवं विद्त पोल की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। पीएचईडी द्वारा आमजन को लंबित जल कनेक्शन




जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत ड्रिप, मिनी एवं फव्वारा इत्यादि की स्वीकृतियां जारी की जाएंगी और मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण भी किया जाएगा। वन विभाग इस पखवाड़े के तहत नर्सरियों से पौधा वितरण एवं हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण का कार्य करेगा। शर्मा ने कहा कि खाद्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लम्बित प्रकरणों का निस्तारण, नवीन पात्र परिवारों व सदस्यों की आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी संबंधी कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग की ओर से पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही, शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयों में प्रवेशोत्सव, विद्यालयों का क्रमोन्यन सहित अन्य शिक्षण आवश्यकताओं की पूर्ति संबंधी कार्य करवाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्कूटी वितरण किया जाएगा। साथ ही, अन्य विभागों द्वारा योजनाओं एवं महत्वपूर्ण कार्यों से जरूरतमंद को लाभान्वित किया जाएगा।

**प्रत्येक तहसील में प्रतिदिन 2 से 3 शिविर होंगे आयोजित**


उल्लेखनीय है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत प्रत्येक तहसील में प्रतिदिन 2 से 3 शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर समाप्ति के पश्चात प्रतिदिन सभी विभागों के द्वारा जिला कलक्टर के माध्यम से राज्य सरकार को प्रगति से अवगत करवाया जाएगा।

## जनगणना 2027 के बाद परिसीमन की संभावना बढ़ी

### - सांसद और विधायकों को तलाशने होंगे नए निर्वाचन क्षेत्र

### -परिसीमन निष्पक्ष हुआ तो जयपुर शहर में बढ़ सकती है मुस्लिम विधायकों की संख्या, यदि परिसीमन में राजनीतिक पक्षपात हुआ तो घट भी सकती है !

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। देश में जनगणना 2027 के बाद लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन की संभावना है। परिसीमन के बाद देश में लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या करीब 20 प्रतिशत बढ़ने के कयास लगाए जा रहे है। मौजूदा निर्वाचन क्षेत्रों का स्वरूप बदल जाएंगा और वर्तमान विधायकों और सांसदों के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। परिसीमन के बाद महिला आरक्षण 33 प्रतिशत को भी लागू किया जा सकता है। राजस्थान विधानसभा भवन में 246 विधायकों के बैठने की व्यवस्था है। इसलिए विधानसभा में परिसीमन के बाद विधायकों की बढ़ी संख्या के बाद भी कोई परेशानी नही आने वाली है। लेकिन असल परेशानी मौजूदा विधायको और सांसदों को आने वाली है। ज्यादातर विधायको को जाति, समुदाय एवं आरक्षित सीटों के हिसाब से टिकिट मिलता है। परिसीमन के बाद कौनसी सीट आरक्षित हो जाए और कौनसी सीट सामान्य श्रेणी की रहे, कोई पता नहीं है। ऐसी स्थिति में मौजूदा विधायकों एवं सांसदों को फिर से टिकिट प्राप्त करने और जीतने में मुश्किल पेश आ सकती है। लोकसभा और विधानसभाओं का पुर्नसीमांकन के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नेतृत्व में परिसीमन आयोग बनाया जाता है जिसमे राज्यों से एक-एक विधायक सदस्य होता हैं। कहने को तो परिसीमन कानूनसंमत और नियमों के आधार पर किया जाता है लेकिन पूर्व में हुए परिसीमन का आकलन किया जाए तो इनमे राजनीतिक पक्षपात साफ झलकता है। साफ सुधारा और नियमों के अनुसार विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों का परिसीमन करना देश की बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जाएंगी। इसलिए माना यही जा रहा है कि परिसीमन तो होगा लेकिन जाति, वर्ग, धर्म एवं राजनैतिक जरूरतों के हिसाब से किया जाएगा।




**जयपुर में बढ़ जाएंगी मुस्लिम विधायकों की संख्या-**
जयपुर शहर में मुसलमानों की करीब 10 लाख से ज्यादा आबादी है। वर्तमान में 3 विधानसभा सीट मुस्लिम बाहुल्य सीट मानी जाती है जिनमें आदर्शनगर, किशनपोल और हवामहल विधानसभा सीट शामिल हैं। सिविल लाईन, बगरू और विद्याधर नगर विधानसभा सीटों पर प्रत्येक में 50 हजार के करीब वोटर है।

ऐसी स्थिति में माना जा रहा है कि यदि जनगणना 2027 के बाद और विधानसभा चुनाव 2029 से पहले विधानसभा सीटों का परिसीमन हुआ तो कम से कम 4 विधानसभा सीट ऐसी होगी जहां से मुस्लिम विधायक चुनाव जीतकर विधानसभा जा सकते है। यदि परिसीमन में राजनीतिक पक्षपात हुआ तो फिर से दो मुस्लिम विधायक जीतना भी मुश्किल हो सकता है।
जैसे जयपुर नगर निगम वार्डो का परिसीमन किया जा रहा है। नगर निगम चुनाव 2021 में जयपुर हेरीटेज चुनाव में करीब 30 पार्षद जीतकर आए थे लेकिन जिस तरह वर्तमान में वार्डो का पारिसीमन किया गया है उससे तो लगता है आगामी निगम चुनाव में जयपुर में 8-9 पार्षद जीतकर आ जाए तो भी काफी होगा।

## इजराईल के रक्षा कवच आयरन डोम का खौफ खत्म

### -ईरानी मिसाईलों ने तेलअवीव और हाइफा में मचाई भारी तबाई

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। इजराईल का रक्षा कवच आयरन डोम दुश्मन मिसाईलो, ड्रोन, विमानो आदि को इजराईल की सीमा में प्रवेश करने से पहले ही मार गिराने में माहिर माना जाता था। आयरन डोम के भरोसे इजराईल किसी भी पड़ोसी और मुस्लिम देश को धमकाता रहता था और कई बार बमबारी और मिसाईल अटैक करता रहता था। जब इजराईल पर दूसरे देश अटैक करते थे तो उसका आयरन डोम दुश्मन के हवाई हमलो में प्रयोग की गई मिसाईल, ड्रोन और जहाजों को मार गिराता। यही कारण था कि इजराईल के आयरन डोम की विश्व के देशों में खरीदने की होड़ मची रहती थी। लेकिन ईरान ने अब इस आयरन डोम का खौफ खत्म कर दिया। आयरन डोम का अविस्कार दुनिया में एक चमत्कार माना जाता था। लेकिन अब ईरान की चमत्कारिक





मिसाईलों ने इस आयरन डोम और इजराईल के खौफ को मिट्टी में मिला दिया। ईरान की मिसाईलो ने इजराईल की राजधानी तेलअवीव और यह व्यापारिक शहर हाईपा पर मिसाईलो की झड़ी लगाकर आक्रमण किया। तेलअवीव और हाईपा को ईरान ने खण्डर सा बना दिया है। इन शहरों, हॉस्पिटल, रक्षा, रिसर्च, कॉलेज, व्यापारिक केन्द्र, एअरपोर्ट, बन्दरगाह की बिल्डिंगों को बर्बाद कर दिया गया है। एक वर्ष पहले इजराईल ने जैसा फिलिस्तीन के गाजा में किया, उसी तरह ईरान ने इजराईल में किया है। इजराईल की ज्यादातर जनसंख्या तहखानों और भूमिगत बिल्डिंगों में छिपने पर मजबूर है। यदि ईरान और इजराईल का युद्ध जल्दी नहीं रूकता है तो इजराईल पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगा, क्योकि ईरान की मिसाईल और ड्रोन ताकत जितना सोचा उससे ज्यादा है। युद्ध रुकने के बाद विश्व में ईरान की मिसाइल की मांग दुनिया भर के देशों में बढ़ने वाली है। माना जा रहा है कि ईरान के ड्रोन और मिसाइल की मारक क्षमता इसराइल और अमेरिका की मिसाइलों और ड्रोन से ज्यादा सटीक और विध्वंसक है।

## मुंबई को मिली पर्यावरणीय सौगात: देश का पहला मैंग्रोव पार्क अगस्त में खुलेगा



मुंबई। मुंबई के गोराई क्षेत्र में देश का पहला समर्पित मैंग्रोव पार्क बनकर तैयार हो गया है। यह पर्यावरणीय दृष्टि से एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। लगभग 8 हेक्टेयर में फैले इस पार्क में 750 मीटर लंबा बोर्डवॉक, 18 मीटर ऊंचा वॉचटावर और एक नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर बनाया गया है। पार्क को पूरी तरह ईको-फ्रेंडली डिज़ाइन किया गया है। यहां सौर ऊर्जा से बिजली चलेगी और सीवेज ट्रीटमेंट की भी व्यवस्था है। बोर्डवॉक इस तरह तैयार किया गया है कि किसी पेड़ को काटने की ज़रूरत नहीं पड़ी। यह पार्क न सिर्फ जैव-विविधता के संरक्षण का माध्यम बनेगा, बल्कि आम लोगों को प्रकृति से जोड़ने का अवसर भी देगा।

## किसानों के हितैषी साबित हो रहे हैं कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा

### -किसानों को ठगने वालों, नकली खाद बीज और कीटनाशक बेचने वालों पर कर रहे हैं ताबड़तोड़ कार्यवाही

**एम. खान**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने शनिवार रात बीकानेर के बीछवाल और अनाज मंडी के सामने व्यापारियों के गोदामों पर छापेमारी की । इस दौरान घटिया किस्म के बायोस्टिकमुलेंट भारी मात्रा में खाद बीज और पेस्टिसाइड के भंडारण की जानकारी मिली। जिले में बड़ी मात्रा में घटिया और नकली खाद बीज पेस्टिसाइड बिकने की सूचना मंत्री के पास थी ।

**राजस्थान में पहली बार हो रही है कार्यवाही-**
राजस्थान प्रदेश में अलग-अलग तरीके से किसानों को ठगा जा रहा है । कोई व्यापारी नकली बीज और कीटनाशक बेच रहा है तो कोई नकली खाद बेच रहा है। कहीं-कहीं गोदामों पर भारी मात्रा में खाद बीज का भंडारण हो रहा है तो कहीं पर किसानों को समय पर



खाद बीज नहीं मिल रहा है। बेचारा किसान पूरे वर्ष मेहनत करके खेती में मजदूरी निकल पाता है, लेकिन भूखे भेड़िए मुनाफाखोर किसानों की जेबों को ढीली करने पर लगे हैं। प्रदेश में यह किसानों का नसीब ही है जिसके कारण उनको डॉ. किरोड़ी लाल मीणा जैसा कृषि मंत्री मिला है। प्रदेश के डॉ. किरोड़ी लाल मीणा एकमात्र ऐसे मंत्री हैं जो किसानों को बेईमानों से बचाने के लिए उनके खिलाफ दिन-रात काम कर रहे हैं। अब तक उन्होंने सैंकड़ों नकली खाद बीज और कीटनाशकों की दुकानों पर कार्रवाई की है। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा वैसे तो स्वयं भी किसान परिवार से हैं और उनके दिल में किसानों के प्रति दर्द है। प्रदेश में दूसरे मंत्री भी किसानों के परिवारों से हैं, लेकिन वे डॉ. किरोड़ी लाल मीणा का साथ नहीं दे रहे हैं। लेकिन किसान अच्छी तरह समझ रहे हैं कि कृषि मंत्री उनका सच्चा हितैषी है।


## दिल्ली में जामा मस्जिद के वजूखाने पर चला बुलडोजर



दिल्ली (रॉयल पत्रिका)। मंगोलपुरी स्थित वाई-ब्लॉक जामा मस्जिद के वजूखाना पर रविवार (22 जून) को बुलडोजर चला। कार्रवाई के समय पुलिस का भारी इंतेजाम किया गया था। पुलिस बल की मौजूदगी के बीच नगर निगम के पांच बुलडोजरों ने मस्जिद के वजूखाने पर कार्रवाई की। बता दें कि मस्जिद के इसी वजूखाने पर पिछले साल भी नगर निगम ने बुलडोजर चलाया था।

## डोनाल्ड ट्रंप के आग्रह पर भी मोदी क्यों नहीं गए अमेरिका? प्रधानमंत्री ने खुद बताई वजह

भुवनेश्वर (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को ओडिशा के दौरे पर रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भुवनेश्वर में रोड शो भी किया। इस रोड शो में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था। इसके बाद पीएम मोदी ने एक बड़ी जनसभा को भी संबोधित किया। ओडिशा सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भुवनेश्वर में राज्य स्तरीय समारोह का खास आयोजन किया गया। ओडिशा में पीएम मोदी ने राज्य को 18,600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की सौगात भी दी। कार्यक्रम में अपने संबोधन में पीएम मोदी ने यह भी बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप का न्योता क्यों स्वीकार नहीं किया।





**पीएम मोदी ने बताई पूरी बात**

ओडिशा में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अभी दो दिन पहले मैं G7 समिट के लिए कनाडा में था। उस दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुझे फोन किया और बड़े आग्रह के साथ निमंत्रण दिया। मैंने, अमेरिका के राष्ट्रपति से कहा, निमंत्रण के लिए आपका धन्यवाद, लेकिन मुझे तो महाप्रभु की धरती पर जाना जरूरी है। इसलिए मैंने उनका निमंत्रण विनम्रता से मना किया। आपका प्रेम मुझे महाप्रभु की धरती तक खींच लाया है।

शेष पृष्ठ 2 पर

# रकमा द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का 29 जून को होगा आयोजन

## -जयपुर की नई जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण भी करवाया जाएगा



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज. अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन (रकमा) की जयपुर जिला कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान का आयोजन 29 जून, रविवार को सुबह 10 बजे हज हाउस कर्बला में आयोजित किया जाएगा। रकमा जयपुर के जिला अध्यक्ष मोहम्मद साबिर अब्बासी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर कक्षा 10वीं और 12वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अल्पसंख्यक समाज के विद्यार्थियों को एसोसिएशन की ओर से सम्मानित किया जाएगा।समारोह में राजस्थान प्रशासनिक सेवा से जुड़े अल्पसंख्यक समाज के अधिकारी, प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा महासमिति सदस्य भी उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम के दौरान वे नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी को शपथ दिलाएंगे तथा अपने अनुभवों से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।

# पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के जन्मदिवस पर उप जिला चिकित्सालय चौमूं में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित

चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर शनिवार को उप जिला चिकित्सालय चौमूं में एक फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों को स्वास्थ्य लाभ की शुभकामनाओं के साथ फल वितरण कर उनका हौसला बढ़ाना था। इस आयोजन का नेतृत्व बाबूलाल सैनी (नगर अध्यक्ष), मनीष सैनी (वार्ड नंबर 2), सुनील सैनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सैनी और दीपक शर्मा ने किया। कार्यक्रम में चिकित्सालय के डॉक्टर और स्टाफ भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से चिकित्सा प्रभारी डॉ. बाबूलाल



यादव, डॉ. अजीत सिंह शेखावत, डॉ. मांन प्रकाश सैनी, नर्सिंग इंचार्ज रामलाल सैनी, लीलाधर सैनी, लेबर रूम इंचार्ज सुनीता टॉक, पिक्कन सैनी, आशीष शर्मा, बाबूलाल कुमावत, सेडू राम गुर्जर, बजरंग लाल शर्मा, देवदत्त शर्मा, तथा फार्मासिस्ट विधान शर्मा सहित अन्य मेडिकल स्टाफ व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। फल वितरण के इस सेवाभावी कार्यक्रम में सभी ने पूर्व विधायक रामलाल जी शर्मा के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

# मीर आज़म अली जैदी को मिला अमेरिका की यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट सम्मान

## -सीडरब्रुक यूनिवर्सिटी द्वारा "लीडर्स 2025" के अंतर्गत डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी गई

जयपुर/दुबई, (रॉयल पत्रिका)। बीती 24 मई को दुबई के रामी ड्रीम होटल डाउन टाउन में अमेरिका की सीडर ब्रुक यूनिवर्सिटी द्वारा प्रसिद्ध धार्मिक विद्वान, इतिहासकार, पत्रकार और शायर मीर आज़म अली जैदी को "लीडर्स 2025" कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई।उन्होंने अबू धाबी और दुबई में विभिन्न देशों के लोगों को उर्दू सिखाई। वे वहाँ प्रोडक्शन मैनेजर के पद पर कार्यरत रहे। उनकी दो पुस्तकें "नज़राना-ए-आज़म" और "आबशार-ए-आज़म" प्रकाशित हो चुकी हैं, जबकि तीसरी पुस्तक "एतेक़ाद-ए-अज़म" जल्द प्रकाशित होने वाली है। मीर आज़म ने संयुक्त अरब अमीरात में रहते हुए अमेरिका, कनाडा और भारत में मुशायरों में शिरकत की और मंच संचालन भी किये। वे अपने पैतृक घर पर "बज़्म-ए-सलाम" का आयोजन करते हैं। अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में प्रोडक्शन मैनेजमेंट के पद पर रहते हुए उन्होंने अबू धाबी और दुबई के अन्य देशों के लोगों को उर्दू बोलचाल, लिखना-पढ़ना सिखाया। उर्दू के कई प्रोग्रामों का संचालन किया, मुशायरों की निज़ामत भी की। उन्होंने अमेरिका, कनाडा और भारत में लाइव ऑनलाइन मुशायरे पढ़े। कोविड के बाद विश्व का सबसे




बड़ा मुशायरा "हयात" जो 132 घंटे चला, उसमें भी उन्होंने हिस्सा लिया। जब राजस्थान उर्दू अकादमी बनी तब से दुबई जाने तक और उसके बाद भी जब वे भारत आए तो उन्होंने अपना योगदान दिया तथा अकादमी के मुशायरे में हिस्सा लिया। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और उर्दू अकादमी के पहले सचिव खुदादाद मूनिस उनके उस्ताद रहे। यूट्यूब और फेसबुक पर उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात और भारत की डाक्यूमेंट्रीज़ जो इतिहास से संबंधित हैं, बनाई और फिर ग़ज़लें भी पढ़ीं, जिन्हें सराहा गया। उनके इंटरव्यू टीवी और रेडियो पर प्रसारित हुए, जिन्हें लोगों ने पसंद किया। आज भी उनके कार्यक्रम टीवी और रेडियो पर देखे और सुने जा सकते हैं। वे लड़कियों की शिक्षा के लिए वे हमेशा अग्रसर रहते हैं और मुख्य अतिथि के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों में आमंत्रित किए जाते हैं। वे इंडियन उर्दू जर्नलिज्म संगठन के सदस्य भी हैं, जहाँ अन्य महानुभाव भी शामिल हैं। उर्दू पत्रकारों को जो सालाना अवार्ड दिए जाते हैं, उनमें उनकी राय भी ली जाती है। उनका चैनल यूट्यूब और फेसबुक पर देखा जा सकता है। उन्हें अनेकों अवॉर्ड और सर्टिफिकेट प्राप्त हुए हैं, जिनमें भारत के तत्कालीन राजदूत नवदीप सिंह सूरी द्वारा अबू धाबी में दिया गया अवार्ड, कमर एकेडमी अवार्ड (जयपुर में), मिर्ज़ा ग़ालिब सोसायटी अवार्ड (मरकज़, अबू धाबी में), वली-ए-असर फाउंडेशन द्वारा दिया गया सर्टिफिकेट और अवार्ड उल्लेखनीय हैं। पत्रकारिता पर अनेकों विषयों पर उन्होंने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। इतिहास के क्षेत्र में पुरानी इमारतों पर शोध कार्य भी किया। उनकी सेवाओं को देखते हुए सीडर ब्रुक यूनिवर्सिटी ने अमेरिका में उन्हें मानद उपाधि प्रदान की।

# बिना दहेज के सादगीपूर्ण तरीके से हुआ मस्जिद में निकाह

सूरवाल/ सवाई माधोपुर,(रॉयल पत्रिका)। आज के दौर में जब शादियों में फिजूलखर्ची और दहेज जैसी कुप्रथाएं आम हो गई हैं, ऐसे समय में सूरवाल निवासी अफकार अहमद पुत्र राशिद अली का निकाह मनतशा बानों पुत्री मोहम्मद मुस्लिम शैख़ से हुआ व उज़ैर अहमद पुत्र अंसार अहमद का निकाह सादिया बानों पुत्री सालार अली से बड़ी सादगी से हुआ। यह निकाह जिले के सूरवाल कस्बे की मस्जिद इशाअत ए इस्लाम में बेहद सादगी और धार्मिक मर्यादाओं के साथ अदा किया गया। इसमें न कोई दहेज लिया गया, न ही कोई शोर-शराबा, बैंड-बाजा या तामझाम, और ना ही लड़की वालों की तरफ़ से खाना, सिर्फ खुतबा-ए-निकाह और दुआओं के साथ यह पाक रिश्ते की शुरुआत की गयी। इस पाक रिश्ते की शुरुआत में मदरसा अनवारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना नोमान कासमी साहब ने मस्जिद में मौजूद-मर्दो ख्वातीन के सामने आसान निकाह की फजीलत बताई और कहा कि हमारे सामने अल्लाह के नबी (स.अ.) के द्वारा



किये गए निकाह आईडियल होने चाहिए लेकिन हमने कई रूसूमात को हमारे निकाहों में शामिल कर लिया है जो की सरासर गलत है, हमें दिखावे, ढेर सारी रस्मों और दहेज जैसी बुराइयों से बचना चाहिए और सादगी को अपनाना चाहिए ताकि निकाह आसान हो सके।दुल्हों के पिता अंसार अहमद व राशिद अली जमाअत ए इस्लामी हिन्द के सदस्य हैं, अंसार अहमद इससे पहले भी अपने बेटे व बेटी का निकाह बग़ैर किसी दहेज़ व रस्मों का बहिष्कार करते हुए कर चुके हैं। निकाह, सवाई माधोपुर शहर क़ाज़ी निसारुल्लाह ने पढ़ाया और दूल्हा-दुल्हन को नेक दुआओं से नवाज़ा। निकाह के बाद मस्जिद में मौजूद लोगों को बताशे व छुहारे तक़्सीम किये गए। दुल्हों के भाई तौसीफ अहमद ने बताया की निकाह के मौक़े पर दाऊद खाँ, उसमान शैख़, अब्दुर्रज़्ज़ाक़ ओगवान, अंसार अहमद, मोहम्मद अली, हसन मास्टर, फरियाद खाँ, इस्माईल ओगवान, आरिफ अली, अल्लानूर खाँ, जमील अहमद, रफीक अली, मुस्लिम शैख़, राशिद अली, सलार अली, रियाज़ अहमद, अब्दुल बारी, मोहम्माद आसिफ व बिरादरी के कई गणमान्य लोग मौजूद रहें। क्षेत्र में चारों और इस सादगी भरे निकाह की खूब चर्चा हो रही है व इस पहल को समाज के गणमान्य लोगों द्वारा बहुत सराहा जा रहा है और इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणादायक पहल बताया जा रहा है।

# जमीयत उलेमा-ए-हिंद की मीटिंग आयोजित

## - 25-26 जून के दो दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। मदरसा अनवारूल उलूम, नूर नगर करमोदा में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राजस्थान के नायब सदर हाफ़िज़ मंजूर साहब, मौलाना मुहम्मद नौमान



कासमी साहब तथा जमीयत के ऑर्गनाइज़र मौलाना इलियास ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत कारी मुहम्मद द्वारा क़ुरआन कि तिलावत से हुआ और नात शरीफ़ मौलाना इकरामुद्दीन सूरवाल ने पेश की। मंच संचालन मौलाना मुहम्मद नौमान कासमी ने किया। मौलाना इलियास ने 25 व 26 जून 2025 को आयोजित होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जमीयत की मिंबर साज़ी (सदस्यता अभियान) पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी तंजीम की मजबूती उसके ज्यादा मेंबर होने में है। उन्होंने तमाम उलमा, इमाम और जिम्मेदार हज़रात से अपील की कि वे सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और 25 जून से पहले यह कार्य पूर्ण करें। मिंबर साज़ी की रसीद शुल्क 10 रूपये है, अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से भी ऑनलाइन सदस्यता ली जा सकती है।


उन्होंने बताया कि 25 व 26 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के सदर, हज़रत मौलाना सैयद महमूद असअद मदनी दामत बरकातुहुमुल आलिया, पहली बार शिरकत के लिए आ रहे हैं। वे रेशमी रुमाल तहरीक के बानी और स्वतंत्रता सेनानी हज़रत मौलाना हुसैन अहमद मदनी रह. के पोते हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी ज़िम्मेदार हज़रात से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई।

इस अवसर पर करौली, दौसा, गंगापुर, सवाई माधोपुर आदि जनपदों से बड़ी संख्या में उलमा-ए-किराम शरीक हुए। करौली से मुफ्ती अब्दुल रशीद, मुफ्ती इलियास, गंगापुर से मौलाना इमामुद्दीन, मुफ्ती ग़य्यूर, मौलाना महबूब, मुफ्ती सादिक, मौलाना शाबान, मलारना डूंगर से मौलाना मुज़क्किर, मौलाना आजम खान, मौलाना मामून रशीद, मौलाना सूफियान, दौसा से मौलाना हामिद, हाफिज शफीक और सवाई माधोपुर से मौलाना अब्दुल रज़ाक, मौलाना आरिफ, मौलाना यूसुफ, हाफिज मुहम्मद राशिद, मौलाना शरफुद्दीन, जैतपुर से हाफिज मुहम्मद तय्यब और छान से अन्य उलमा ने शिरकत की। अंत में मौलाना मुहम्मद अबसार नाशरी ने दुआ करते हुए विश्वास जताया कि इंशा अल्लाह यह दो दिवसीय कार्यक्रम, सभी की दुआओं और सहयोग से पूरी तरह कामयाब रहेगा।

# विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में 2 करोड़ की लागत के 10 नलकूपों की मिली स्वीकृति

## -पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी का जताया आभार

चौमूँ, (रॉयल पत्रिका)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में 2 करोड़ रुपए की लागत के 10 स्थानों पर पेयजल हेतु नए नलकूपों की स्वीकृति जारी की है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी को पत्र लिखकर भीषण गर्मी में पेयजल के समाधान हेतु नलकूपों की स्वीकृति की माँग की थी, जिस पर विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में 10 ट्यूबवेल लगाने की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत नलकूपों में गोशाला के पास, भूतेड़ा, सेगड़ो की ढाणी, अनंतपुरा-जेतपुरा, ग्राम खन्नीपुरा (नृसिंहपुरा), ग्राम सबलपुरा (घिनोई), बुनकरों का मोहल्ला, जाटावाली, बंदावालों की ढाणी, अनंतपुरा-जेतपुरा, खातियों की ढाणी, मोरीजा, मुख्य आबादी, गोविन्दगढ़, रिछपाल काका की ढाणी, टांकरडा और मुख्य आबादी, चीथवाड़ी में पेयजल आपूर्ति के लिए नलकूपों की स्वीकृति जारी की गई है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जलदाय विभाग मंत्री कन्हैया



लाल चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में पेयजल हेतु 10 ट्यूबवेल के लिए 2 करोड़ रुपयो की स्वीकृति मिली है, जल्द ही इन ट्यूबवेलों का लाभ आमजन को मिलेगा।

# मंदिर के पास शराब दुकान खोलने का विरोध

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर में मंदिर के समीप शराब दुकान खोलने के प्रस्ताव के खिलाफ जनता का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। ताज़ा मामला पटेल कॉलोनी स्थित गवर्नमेंट प्रेस के पास का है, जहां प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर स्थानीय निवासियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि शराब दुकान की लोकेशन न सिर्फ धार्मिक आस्थाओं का अपमान है, बल्कि इससे इलाके की शांति, सुरक्षा और सामाजिक माहौल भी प्रभावित होगा। खासतौर से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर लोगों ने गंभीर चिंता जताई। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर विरोध जताया और ज़ोरदार नारेबाज़ी की। प्रदर्शन में



शामिल एक स्थानीय महिला ने कहा कि मंदिर के सामने शराब की दुकान खोलना सीधा हमारी श्रद्धा का अपमान है। इससे सामाजिक वातावरण पर भी बुरा असर पड़ेगा। विवाद की गंभीरता को देखते हुए सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा मौके पर पहुंचे और लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि, मंदिर के सामने शराब की दुकान किसी भी कीमत पर नहीं खुलने दी जाएगी। मैंने अधिकारियों से बात की है और स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनभावनाओं के विरुद्ध कोई फैसला नहीं होना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप कर दुकान का प्रस्ताव रद्द करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, उनका विरोध जारी रहेगा। गौरतलब है कि इससे पहले भी छोटी चौपड़ और चांदपोल बाजार में शराब दुकानों को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा विरोध जताया जा चुका है।

# रणथम्भोर दुर्ग की ऐतिहासिक वादियों में गूंजा योग का स्वर

## -अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयुष, वन व पुरातत्व विभागों का संयुक्त आयोजन

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग, वन विभाग एवं पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन स्थल रणथम्भोर दुर्ग की पावन भूमि पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। प्रकृति की गोद में स्थित इस दुर्ग पर योग साधना कर ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण के साथ योग जैसे प्राचीन भारतीय ज्ञान को जोड़कर जनसामान्य में स्वास्थ्य जागरूकता संदेश दिया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसे मुख्य अतिथि उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक, रणथम्भौर बाघ परियोजना रामानंद भाकर एवं पुरातत्व विभाग के उपनिदेशक मनोज द्विवेदी ने सम्पन्न किया। योगाभ्यास का संचालन आयुष विभाग से योग



प्रभारी डॉ. पुरुषोत्तम गौतम के निर्देशन में किया गया, जिसमें योग प्रशिक्षक ओमेन्द्र सिंह ने निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार विविध योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर वन विभाग के एसीएफ तेजस पाटिल, विष्णु गुप्ता, निखिल शर्मा, अश्वनी प्रताप (रेंजर),योगेश शर्मा (फॉरेस्टर), सुरेन्द्र सांधू (उद्यान प्रभारी रणथम्भोर दुर्ग) सहित वन व पुरातत्व विभाग के अनेक अधिकारी-कर्मचारी, ट्रेनीज वन्य जीव गाइड्स एवं अन्य स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि डीएफओ रामानंद भाकर ने अपने संबोधन में कहा कि "नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक संतुलन, आत्मबल और सकारात्मक सोच को भी सुदृढ़ करता है।" उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ एवं योग संकल्प शपथ के साथ हुआ।

# ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन के आव्हान पर उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

मारवाड़ जंक्शन,(रॉयल पत्रिका)। ऑल इंडिया स्टेट फेडरेशन के आव्हान पर राजस्थान उप शाखा मारवाड़ जंक्शन द्वारा उपखण्ड अधिकारी मारवाड़ जंक्शन को भारत के प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर मांग की हैं कि केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमों और भारत की संचित निधि से देनदारियों पर व्यय के सिदाँतो के वेध्यकरण से सबंधित माननीय संसद से पारित हो जाने के फल स्वरूप केंद्र सरकार को पूर्व पेंशनरों और वर्तमान पेंशनरों में विभेद करने का अधिकार भी प्राप्त हो गया हैं! इस प्रकार केंद्र सरकार के द्वारा पूर्व पेंशनरों एवं वर्तमान पेंशनरों में भेद करने के अधिकार प्राप्त करने से न केवल माननीय उच्चतम न्यायालय के विभिन्न निर्णयों का उल्लंघन होता हैं वरन 01/01/2016 के पहले व इसके पश्चात के पेंशनर के मध्य 7 वें वेतन आयोग द्वारा प्रदत्त समानता भी समाप्त होने का जोखिम उत्पन्न हो गया हैं, श्रीमान पेंशन योजना इस लक्ष्य के साथ बढ़नी चाहिए जिससे एक पेंशनर स्वावलम्बी स्वतंत्र एवं स्वाभीमान से उसी स्तर का जीवन व्यतीत कर सके जैसा कि सेवा निवृति के



पूर्व व्यतीत कर रहा था।

अतः अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर हमारा सादर अनुरोध हैं कृपया मामले में पुनःविचार कराते हुए ऐसी व्यवस्था कराने का कष्ट करे जिससे (पेंशनर्स) पूर्व प्रदत सुविधाओं से वँचित न हो सके।

ज्ञापन देने वालों में उपशाखा अध्यक्ष प्रताप राममालवीय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोहन सिंह सोलंकी, उपाध्यक्ष भंवर लाल मालवीय, सेकेट्री मोहम्मद खान पठान, सह सचिव हरिराम वर्मा, कोषाध्यक्ष किशन ओझा, भूराराम गुर्जर, साबिर मोहम्मद सागर, प्रेम प्रकाश शर्मा, भगवत सिंह, मिठूसिंह, जगदीश सिंह, राजेंद्र सिंह मांगीलाल परिहार, शिवसिंह, नेमीचंद शर्मा, मीठालाल भाटी, प्रेम सिंह राजपुरोहित, नवरतन सिंह, पेमाराम गुर्जर, रतन सिंह राजपुरोहित, केवलचंद जोशी आदि अनेक पेंशनर उपस्थित हुए।

# साइबर ठगी करने वाली गैंग के चार ठग गिरफ्तार

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर साइबर पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर ठगी करने वाली एक गैंग का भंडाफोड़ करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। नेपाल से संचालित इस गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें गैंग का सरगना लाल दोर्जे तामांग, उसका साथी सुजल तामांग, दिल्ली निवासी पवन जैन और अब्बु शहमा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 12 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और तीन बैंक चेकबुक बरामद की हैं। यह गिरोह ऑनलाइन ट्रेडिंग और गेमिंग ऐप्स के माध्यम से करोड़ों रुपये की साइबर ठगी को अंजाम देता था। गैंग के खिलाफ आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना में कुल 24.3 करोड़ रुपये की साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज हैं। साइबर थाना जयपुर की इस कार्रवाई में पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुंदन कंवरिया के मार्गदर्शन में थानाधिकारी सोनचन्द वर्मा और उप निरीक्षक श्रवण कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि पोलोविक्ट्री सिनेमा के सामने स्थित होटल संजय पैलेस में कुछ संदिग्ध लोग ठहरे हुए हैं जो बैंक खातों के माध्यम से साइबर ठगी में लिप्त हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी लाल दोर्जे ने कबूला कि वह टेलीग्राम के जरिए चाइनीज नागरिकों के संपर्क में रहता है और उनसे 5 लाख रुपये तक की राशि जमा करवाकर 2.5 से 5 प्रतिशत कमीशन पर बैंक खाते बेचता है। खाताधारकों से 2 से 2.5 प्रतिशत में खाते खरीदकर उन्हें चाइनीज गैंग को मुहैया कराता है। खाताधारकों के मोबाइल में APK ऐप इंस्टॉल करवा कर उनका एक्सेस दूर बैठे




चाइनीज ठगों तक पहुंचाया जाता है। कमीशन का भुगतान USDT के माध्यम से अपने वॉलेट में लेता है।गिरफ्तार सुजल तामांग का काम खाताधारकों को होटल में रोककर रखना, उनकी निगरानी करना और उनके मोबाइल में APK ऐप इंस्टॉल करना था। दिल्ली निवासी पवन जैन गैंग सरगना सुषमा जो दुबई में रह रही है, के संपर्क में रहते हुए खाताधारकों को तैयार करता और उनकी बैंक संबंधी जानकारी लाल दोर्जे को उपलब्ध करवाता। अब्बु शहमा, पवन के कहने पर अपना इंडियन ओवरसीज बैंक का खाता लाल दोर्जे को देने के लिए दिल्ली से जयपुर आया था। इस मामले में साइबर थाना जयपुर में प्रकरण संख्या 103/2025 धारा 319(2), 318(4), 316(2), 111(2)(b), 61(2) बीएनएस व 66सी, 66डी आईटी एक्ट 2008 में मामला दर्ज किया गया है। साइबर पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की शिकायत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर या www.cyber-crime.gov.in पर दर्ज करवाई जा सकती है।

# डोनाल्ड ट्रंप के आग्रह पर भी मोदी....

पृष्ठ 1 का शेष............

**'सरकार बनते ही श्रीमंदिर के चारों द्वार खोल दिए गए'**

उन्होंने कहा कि महाप्रभु के आशीर्वाद से श्रीमंदिर से जुड़े विषयों का समाधान भी हो गया है। मैं मोहन जी और उनकी सरकार का अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने करोड़ों भक्तों के निवेदन का मान रखा। यहां सरकार बनते ही श्रीमंदिर के चारों द्वार खोल दिए थे। श्रीमंदिर का रत्न भंडार भी खुल गया है। ये कोई राजनीतिक जय-विजय का विषय नहीं है, ये करोड़ों भक्तों की आस्था का सम्मान करने का कार्य हुआ है।

# ऑटो चालक यूनियन ने परिवहन विभाग को सौंपा ज्ञापन

जयपुर। राजधानी जयपुर में समस्त ऑटो चालक यूनियन संघर्ष समिति ने शनिवार को परिवहन आयुक्त जयपुर को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें ऑटो चालकों की प्रमुख समस्याओं और मांगों को विस्तार से रखते हुए समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में यूनियन प्रतिनिधियों ने सबसे पहले शहर में मॉडल कंडीशन में आए नए ऑटो रिक्शा नियमों पर आपत्ति जताते हुए बताया कि इससे पहले से ऑटो चला रहे कई गरीब चालक बेरोजगारी की कगार पर पहुंच गए हैं। यूनियन ने मांग की है कि सीएनजी (CNG) ऑटो रिक्शा परमिट खोले जाएं, ताकि नए परमिट मिलने से चालक ऑटो खरीदकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें। साथ ही, परमिट की सीमा को नगर निगम से बढ़ाकर जेडीए क्षेत्र तक लागू करने की मांग की गई। दूसरा मुद्दा अनाधिकृत ई-रिक्शा को लेकर उठाया गया। यूनियन का कहना है कि जयपुर में बिना अनुमति के चल रहे ई-रिक्शा नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। यूनियन ने मांग की कि ई-रिक्शाओं को नियमानुसार चलाया जाए और चारदीवारी व मुख्य मार्गों पर इन्हें प्रतिबंधित किया जाए, जिससे पारंपरिक ऑटो चालकों की रोजी-रोटी पर असर न पड़े। इसके अतिरिक्त यूनियन ने ऑटो स्टैंडों की स्थिति पर भी चिंता जताई। ज्ञापन में सुझाव दिया गया कि शहर भर के ऑटो स्टैंडों का सर्वे कराकर गजट नोटिफिकेशन कराया जाए, ताकि स्टैंडों की कानूनी मान्यता और व्यवस्था स्पष्ट हो सके। दुकानदारों द्वारा ऑटो स्टैंड पर किए जा रहे अतिक्रमण को भी हटवाने की मांग की गई है। यूनियन का कहना है कि कई स्टैंडों पर स्थानीय व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण कर दिया गया है, जिससे ऑटो चालकों को खड़ा होने की जगह नहीं मिल रही। यूनियन ने यह भी कहा कि जिन स्टैंडों की सूची परिवहन विभाग व यातायात विभाग को दी जा चुकी है, उनका भी गजट नोटिफिकेशन किया जाए, और यातायात पुलिस द्वारा उन स्टैंडों पर सूचना बोर्ड लगाए जाएं। ज्ञापन की प्रतियां पुलिस आयुक्त जयपुर, यातायात पुलिस उपायुक्त और प्रादेशिक परिवहन अधिकारी झालाना को भी भेजी गई हैं। ज्ञापन पर यूनियन के प्रमुख अध्यक्षगणों के हस्ताक्षर रहे, जिनमें अमर सिंह चौहान, बाबू भाई, मुराद खान मलवान, उमराव कुरैशी, फूलचंद गुर्जर और कुलदीप सिंह शामिल थे।

# दानिश वेलफेयर सोसायटी का चौथा मुस्लिम सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

## -35 जोड़ों ने शरीयत के अनुसार पढ़ा निकाह

## -मनिहार समाज की ओर से अब्दुल गफ्फार उर्फ छोटू भाई रतलाम वालों ने बधाई पेश की



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। होटल माया इंटरनेशनल परिसर में ऑल इंडिया उलेमा व मशाईख बोर्ड की सरपरस्ती और दानिश वेलफेयर सोसायटी जयपुर की ओर से चौथा मुस्लिम सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 17 जून 2025 मंगलवार की शाम को आयोजित किया गया। जिसमें 35 मुस्लिम जोड़ों ने शरीयत के अनुसार निकाह पढ़ा और वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। सम्मेलन में हजारों लोगों की मौजूदगी रही जिनमें मुस्लिम समाज के जनप्रतिनिधियों, उलेमाओं, साहिब-ए-इल्म दानिशवरों, समाजसेवियों, वरिष्ठ गणमान्यजनों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह सम्मेलन खास तौर से आर्थिक रूप से कमजोर और सामाजिक पहचान से वंचित परिवारों के लिए आयोजित किया गया जिनके लिए बेटियों की शादी एक बड़ा बोझ बन जाती है। कार्यक्रम के संयोजक हाजी सगीर अहमद उर्फ लल्लू भैय्या और सम्मेलन के सदर एडवोकेट मुनाजिर इस्लाम कुरैशी ने बताया कि इस आयोजन की शुरुआत वर्ष 2022 में की गई थी और तब से अब तक सैकड़ों गरीब बेटियों के निकाह करवाकर समाज के सामने एक मिसाल पेश की जा चुकी है। सभी 35 जोड़ों का निकाह इस्लामी शरीयत के अनुसार काज़ी द्वारा स्टेज पर पढ़वाया गया। स्टेज पर निकाह, बारात पर पुष्प वर्षा, प्रीतिभोज और विदाई ने आयोजन को एक पारिवारिक माहौल का रूप दे दिया। हर जोड़े को एक सम्पूर्ण गृहस्थ जीवन की शुरुआत के लिए घरेलू उपयोग की सामग्री उपहार में दी गई जिसमें कुरान शरीफ, जानमाज़, गद्दा, कंबल, तकीया, अलमारी, बक्सा, पंखा, सिलाई मशीन, वाटर कूलर, दूल्हा-दुल्हन की घड़ियाँ, मर्दाना व जनाना कपड़े, रसोई के बर्तन, दीवार घड़ी, दुल्हनों को जेवर और दूल्हों को विशेष उपहार शामिल रहे। 27 प्रकार के खाने के डिब्बे और 100 अन्य व्यक्तिगत उपहार भी दिए गए। 23 जून को सभी बारातियों और मेहमानों का स्वागत किया गया। विशाल भोजन व्यवस्था, फूलों की सजावट और संगीत के साथ विवाह स्थल को सजाया गया जिससे आयोजन और भी भव्य बन गया। एडवोकेट मुनाजिर इस्लाम ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह भामाशाहों और समाज के सहयोग से सम्पन्न हुआ है। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन ने समाज में भाईचारे, समरसता और इस्लामिक परंपराओं की एक सुंदर मिसाल पेश की है और यह आयोजन आने वाले समय में गरीब बेटियों की इज्ज़तदार शादी का भरोसेमंद मंच बनता जा रहा है। इस अवसर पर मनिहार समाज की ओर से अब्दुल गफ़्फ़ार उर्फ छोटू भाई रतलाम वालो ने चौथा मुस्लिम सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजक और संयोजक हाजी सगीर अहमद उर्फ लल्लू भैय्या को मुबारकबाद दी और कहा कि जल्दी ही मनिहार समाज की ओर से भी सामूहिक विवाह सम्मेलन किया जाएगा।

**इस दौरान निम्न जोड़ों का निकाह पढ़ाया गया:**

मुस्कान संग मो. एजाज, बेबी संग समीर कुरैशी, आशिया बानो संग सत्तार, जायदा संग अरशद, तन्नु बानो संग सोहेल अली, रिजवाना कुरैशी संग मो. वहीद कुरैशी, रुकसाना कुरैशी संग असलम कुरैशी, रेशमा बानो संग वसीम कुरैशी, शाईना बानो संग नाहिद कुरैशी, जीनत संग अरबाज, साहिबा संग शाहरुख कुरैशी, तसलीम बानो संग सुल्तान, तबस्सुम संग समीर, सानिया संग वसीम खान, मुस्कान संग एहसान, सिमरन संग मो. ऐजाज, रानी संग कदीर, नरगिस संग अमजद, सिमरन संग मो. शाद, नुसरत संग फ़रदीन खान, जुम्मी बानो संग दिलशाद, तमन्ना बानो संग आदिल कुरैशी, मुस्कान संग हारून, ख़ुशी संग मोइनुद्दीन, सानिया संग साजिद, मोहसरीन संग अकरम खान,मुख्तियार संग शाहरुख , मुस्कान संग अरमान मुन्सी।

# मैं अपनी राजनीतिक रोटियाँ सेकने नहीं आया-हनुमान बेनीवाल

## -एसएमएस हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे बेनीवाल, छात्र-नेता और परिजन



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। डॉ. राकेश की आत्महत्या का मामला अब तूल पकड़ता नज़र आ रहा है। आरएलपी सुप्रीमो सांसद हनुमान बेनीवाल, डॉ. राकेश बिश्नोई के परिजनों के साथ एसएमएस हॉस्पिटल के मोर्चरी के बाहर धरने में शामिल हो गए। उनके साथ धरने में संगरिया विधायक एवं यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया, जयपुर ग्रामीण कांग्रेस सांसद प्रत्याशी अनिल चोपड़ा, प्रदेशाध्यक्ष एनएसयूआई राजस्थान विनोद जाखड़, राजस्थान विश्वविद्यालय के निवर्तमान अध्यक्ष निर्मल चौधरी एवं बड़ी तादाद में छात्र एवं युवा मौजूद रहे। सांसद हनुमान बेनीवाल का कहना है कि उनकी और तमाम युवाओं की मांग है कि परिजनों की माँगो को माना जाए। उनका इस धरने में शामिल होने में कोई राजनीतिक फ़ायदा नहीं हई, इस युवा के साथ जो हुआ वो बहुत दुख की बात है। अगर सरकार ने परिजनों की माँग को नहीं माना तो यह सारे युवा मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे और आगे वे स्वयं चलेंगे। उन्होंने कहा कि मैं यहाँ अपनी राजनीतिक रोटियाँ सेकने नहीं आया हुँ, संसद में आपने देखा होगा कि मैं ही खड़ा था बड़े-बड़े मंत्री भाग गए थे जब वो घुसे लेकिन मैं मेदान छोड़ कर नहीं भागता। मेरी कथनी और करनी में अंतर नहीं है। युवाओं 2028 की लड़ाई साथ लड़ेंगे। इस मौके पर एनएसयूआई राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि एसएन मेडिकल कॉलेज, जोधपुर के पीजी छात्र डॉ. राकेश विश्नोई को विभागीय प्रणाली और वरिष्ठों की निरंतर प्रताड़ना ने इस कदर मानसिक रूप से तोड़ दिया कि अब वे हमारे बीच नहीं रहे। यह सिर्फ एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे चिकित्सा शिक्षा तंत्र की संवेदनहीनता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह है। एक हफ्ते से ज्यादा समय से चल रहे इस धरने में संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया, जयपुर ग्रामीण कांग्रेस सांसद प्रत्याशी अनिल चोपड़ा आदि छात्रो और युवाओं के साथ सवाई मानसिंह चिकित्सालय की मोर्चरी के बाहर धरना दे रहे हैं। देखते हैं अब राजस्थान सरकार कब और कैसे इस मामले को शांत करती है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

# 'फनकार' ओपन माइक का,आयोजन, युवा कलाकारों ने बिखेरे रंग



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय, जयपुर के सहयोग से नवरस संस्था की पहल पर रविवार को ओपन माइक कार्यक्रम 'फनकार' का आयोजन जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय, शिप्रा पथ, जयपुर में किया गया। इस अनूठे सांस्कृतिक मंच पर शहर के नवोदित और अनुभवी कलाकारों ने कविता, कहानी, शायरी और संगीत के माध्यम से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने बताया कि 'फनकार' का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों के बीच दिलों को जोड़ना और युवाओं को अपनी बात बेबाकी से कहने का हौसला देना है। उन्होंने कहा कि यह मंच हर उस व्यक्ति के लिए है जो अपनी कला के जरिए समाज से संवाद करना चाहता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां शामिल हुईं और कलाकारों की प्रस्तुतियों का उत्साहपूर्वक आनंद लेते हुए उनकी हौसला अफजाई की। साथ ही सिद्ध ने कहाँ कि इस तरह के आयोजन से जहाँ विभिन्न समुदाय, जाति, धर्म के लोग एक मंच पर आए जो कि सामाजिक समरसता कों बढ़ावा देता हैं। वहीं नवरस संस्था के संयोजक अविरल अग्रवाल ने बताया कि संस्था का गठन ही प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और समाज के हर वर्ग को एकजुट करने के उद्देश्य से हुआ है। 'फनकार' ओपन माइक का यह पहला आयोजन था, जिसमें 25 से अधिक कलाकारों ने हिस्सा लिया। यह अपने आप में एक शानदार शुरुआत है। इस आयोजन के पीछे नवरस संस्था की पूरी टीम की मेहनत रही, जिसमें अंजलि, उदित, सोम्या, सरूप, दीदिप्या, हर्षिता, केशव एवं शेर सिंह ने अहम भूमिका निभाई। वहीं अल्पाहार की व्यवस्था सामाजिक संगठन जनता सेवा संघ की ओर से की गई। प्रतिभागियों में किरण, संदीप, यासिर हुसैन, तितीक्षा एवं शाहनवाज लाला की रचना को दर्शकों के द्वारा काफी सराहा गया। अल्पसंख्यक कार्यालय से वार्डन शबनम खान, फरहान इसराइली, शराफत अली, हेमंत आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को अल्पसंख्यक कार्यालय एवं संस्था की तरफ से सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में संगीत की प्रस्तुति दी गई।

# आफताब गौराण के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में 369 यूनिट रक्त एकत्रित



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। खंडेलवाल कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष आफताब गौराण के जन्मदिन के अवसर पर खंडेलवाल मैरिज गार्डन में आयोजित रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवाओं एवं छात्रों ने लिया बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। आयोजकों ने बताया कि शिविर में 369 यूनिट ब्लड युवाओं द्वारा डोनेट किया। टीम आफताब गौराण के द्वारा आयोजित शिविर में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, जयपुर ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष आर. आर. तिवारी, NSUI एवं यूथ कांग्रेस के नेता एवं पदाधिकारी आदि मौजूद रहे। इस मौके पर आफ़ताब गौराण ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया। सीकेएस हॉस्पिटल के साथ मिलकर लगाए गए इस शिविर में युवाओं में खासा जोश दिखाई दिया। आफताब गौराण ने कहा कि समाज में रक्तदान शिविर के द्वारा जन्मदिन मनाना बहुत अच्छी पहल है। हम इस संकल्प से पूरे समाज में नई पहल शुरू करना चाहते हैं, जिसमे जन्मदिन के अवसर पर युवा उधम-धाड़ शोर मचाने के रिवाज एवं नशे को छोड़ कर अपनी सेहत पर ध्यान दें।

# कर्बला दरगाह पर वक्फ चेयरमैन का औचक निरीक्षण

## -अवैध गतिविधियों पर सख्ती के निर्देश, साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। कर्बला दरगाह परिसर में सोमवार को राजस्थान वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. खानू खान बुधवाली ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर की गंदगी, अव्यवस्थाएं और अवैध गतिविधियों को लेकर उन्होंने गहरी चिंता जताई और अधिकारियों को तत्काल एक्शन के निर्देश दिए।

डॉ. खानू खान ने दरगाह परिसर में साफ-सफाई की बेहद खराब स्थिति पर नाराज़गी जताई और संबंधित अधिकारियों को सख्त शब्दों में कहा कि परिसर को जल्द से जल्द स्वच्छ और श्रद्धालुओं के अनुकूल बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि दरगाह परिसर के मैदान में अवैध वसूली और शादियों का आयोजन हो रहा है। चेयरमैन ने इन गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने के आदेश दिए और कहा कि वक्फ संपत्तियों का गलत उपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय लोगों की शिकायत पर डॉ. बुधवाली ने परिसर में नशाखोरी जैसी अवैध गतिविधियों को लेकर पुलिस प्रशासन को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थल धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है, ऐसे में यहां किसी भी प्रकार की अमर्यादित गतिविधियों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। डॉ. खानू खान ने यह भी घोषणा की कि स्थानीय समाज के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, रोशनी की व्यवस्था, और मैदान की साफ-सफाई जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# न्यू उषा पब्लिक स्कूल की अक्षरा खान ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं बोर्ड में मारी बाज़ी

## -स्कूल टॉपर बन रौशन किया नाम



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर के शास्त्री नगर स्थित न्यू उषा पब्लिक सैकंडरी स्कूल का 10वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परीणाम शानदार रहा विद्यालय की मेधावी छात्रा अक्षरा खान पुत्री इब्राहिम खान ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप कर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि जयपुर के शास्त्री नगर भट्टा बस्ती निवासी अक्षरा खान मूलरुप से मनोहरपुर कस्बे के निवासी इस्माईल खान पटवारी की पोती हैं और हाजी गफ्फार खान की नवासी हैं। अक्षरा के पिता का नाम इब्राहिम खान एवं मां का नाम नसीम बानों है अक्षरा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, तथा अपने अध्यापकों को दिया अक्षरा खान ने नियमित रूप से कड़ी मेहनत के साथ अध्ययन कर दसवीं परिक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया अक्षरा की सफलता पर साथी विद्यार्थियों, अभिभावकों व विद्यालय स्टाफ बधाई व शुभकामनाएं दी। अक्षरा ने बोर्ड परीक्षा के शानदार परिणाम का पुरा श्रेय विद्यालय निदेशक रमजान सर और स्कूल स्टाफ को दिया। अक्षरा ने बताया के उनके परिवार के कई सदस्ये न्यू उषा स्कूल के विधार्थी रहे है। विद्यालय के निदेशक रमज़ान खान ने विद्यालय के बोर्ड परीक्षा परिणाम मे पास सभी विधार्थियो और अभिभावकों को बधाई दी। रमज़ान सर ने बताया की विधालय की पहली सीढ़ी अनुशासन है। जिसके फहल्सरूप विद्यालय 45 वर्षो से सफलता का परचम लहरा रहा है और आगे भी इस ही तरह से लेहरता रहेगा। बेहतर परिणाम के लिए के विधालय के सभी स्टाफ समय समय पर मोनेटरिंग करते है। रमज़ान सर ने बताया के इस विद्यालय से निकले कई विधार्थी देश – प्रदेश मे अपनी खिदमत को अंजाम दे रहे है। इस खुशी के अवसर पर विद्यालय सेक्रिट्री सलमान नियाज़ी, विद्यालय प्रधानाध्यापक शब्बीर मोहम्मद व सभी स्टाफ मौजूद रहा।

# ताजुल फाउंडेशन द्वारा पुरस्कार वितरण एवं करियर काउंसलिंग सेमिनार 29 जून को

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुस्लिम छात्रों को प्रोत्साहित करने और उनके उज्जवल भविष्य को दिशा देने के उद्देश्य से ताजुल फाउंडेशन की ओर से आगामी 29 जून को पुरस्कार वितरण समारोह एवं करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम रविवार को शाम 5 बजे से 8 बजे तक होटल ताहा, सद्भावना नगर, गोनेर रोड पर संपन्न होगा। कार्यक्रम के आयोजक सोहेल खान नागौरी ने बताया कि समारोह में विशेष रूप से कक्षा 10वीं और 12वीं के उन छात्रों को आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने सत्र 2024-25 में आर्ट्स, कॉमर्स या साइंस स्ट्रीम में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं।कार्यक्रम का आयोजन होटल ताहा के सौजन्य से प्रायोजित किया गया है और इसका प्रबंधन सोहेल खान नागोरी द्वारा किया जा रहा है, जबकि सिराज खान नागौरी और हाफिज शरीफ खान नागौरी भी आयोजन से जुड़े हैं। सेमिनार के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 21 जून से आरंभ होकर 25 जून शाम 5 बजे तक चलेगी। पंजीकरण से संबंधित किसी भी जानकारी हेतु रहीस खान (मो.: 7976591664), जासिर पठान (मो.: 8107981302) या मोहम्मद उमर फारूक (मो.: 9828952642) से संपर्क किया जा सकता है। आयोजन स्थल पर स्कैन कोड के माध्यम से भी पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

# वार्ड 114 में सीसी रोड निर्माण कार्यो का शिलान्यास संपन्न



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। खो नागोरियान क्षेत्र के नगर निगम ग्रेटर के वार्ड संख्या 114 में इन दिनों सड़क निर्माण कार्यों की रफ्तार तेज़ हो चुकी है। इसी कड़ी में शनिवार को मदीना नगर क्षेत्र में सीसी रोड के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद जाकिर ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर से प्राप्त बजट के तहत वार्ड में विभिन्न कॉलोनियों में सीसी सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वार्ड की विकास आवश्यकताओं को देखते हुए आगे और भी योजनाएं तैयार की जा रही हैं। हाजी जाकिर ने इस अवसर पर बगरू विधायक डॉ. कैलाश वर्मा और महापौर सौम्या गुर्जर से अपील करते हुए कहा कि खो नागोरियान क्षेत्र सहित वार्ड 114 में पर्याप्त बजट जारी कर विकास कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व भी मदीना नगर एवं गांधी विहार क्षेत्र में कुल चार सीसी सड़कों के निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया, जिनमें मदीना नगर की तीन सड़कें और गांधी विहार की एक सड़क शामिल हैं। इस मौके पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से जावेद अब्बासी, शाहिद बैग, गुलफाम भाई एमके, मुस्तफा, डॉ. अशरफ, रतन बसवाल और हनीफ भाई फर्नीचर वाले एवं नईम अब्बासी का नाम उल्लेखनीय है। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्यों के प्रति खुशी जताई और पार्षद तथा नगर निगम का आभार व्यक्त किया।

# एमटीएम स्कूल में NEET, 10वीं-12वीं और शिक्षक परीक्षा के होनहारों का हुआ सम्मान



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। दी एमटीएम ग्रुप ऑफ स्कूल्स, सुभाष चौक में, 10वीं, 12वीं, NEET और सेकंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को भव्य रूप से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में स्कूल के होनहार पूर्व छात्रों रेहान, अबू तुराब, आयशा और दानिश सहित कई अन्य विद्यार्थियों को सफलता की उपलब्धियों पर स्मृति चिह्न और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ये सभी छात्र NEET परीक्षा में सफलता प्राप्त कर शिक्षा जगत में मिसाल बन चुके हैं।इस मौके पर स्कूल संचालक मोहम्मद वसीम ने इस अवसर पर बताया कि हमने छात्रों को निरंतर मार्गदर्शन और प्रगति की निगरानी के साथ उनका मनोबल बढ़ाया। आज उनकी सफलता इस मेहनत और भरोसे का परिणाम है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के आधार पर 1100, 5100 और 11000 रुपये तक की नकद राशि, 51,000 रुपये की स्कॉलरशिप और एक विशिष्ट होनहार छात्र को 1 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एमटीएम ग्रुप द्वारा किया गया यह आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को मज़बूती देता है और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है।

# केंद्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का समापन



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद जयपुर की ओर से आयोजित 65वे केंद्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का समापन 17 जून को हो गया है। क्रिकेट कोच मनीष वर्मा ने बताया कि सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में ये कैंप 28 मई से 17 जून तक आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि 21 दिनों तक चले इस कैंप में 14 वर्ष से 17 वर्ष तक के बालक-बालिकाओ ने हिस्सा लिया। कोच मनीष वर्मा ने बताया कि सभी बच्चों का कैंप में अच्छा प्रदर्शन रहा, बच्चों ने काफी कुछ सीखा। इसमें लेग स्पिनर राइट आर्म बॉलर अरमान का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कोच ने कहा अरमान आगे जाकर भारतीय टीम में जगह बना सकता है। कैंप में बेटिंग, बॉलिंग, फीलि्डंग, फिजिकल फिटनेस और योगा की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों को फिल्म भी दिखाई गई।

# शास्त्रीनगर थाना की बडी कार्यवाही, 24 लोगों को किया गिरफ्तार




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। एचएस/हार्डकोर/असामाजिक एवं वांछित तत्वों की धरपक्कड हेतु चलाये गये विशेष अभियान में थाना शास्त्रीनगर में तीन टीमे गठित की गई। टीमो द्वारा मुल्जिमों के खिलाफ कार्यवाही हेतु अपराधियों को चिन्हित कर विभिन्न स्थानो पर सुबह 6 बजे से रेड की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। इस दौरान कुल 24 वांछित पकड़े गये उनके नाम निम्न प्रकार है 1 नुर मोहम्मद पुत्र अनवर हुसैन,(प.बंगाल) 2. सदेक भारती पुत्र अनीसुल हक (प.बंगाल) 3. शेख शहीमुद्दीन पुत्र शेख रसीद, (प.बंगाल), 4. अफसर हुसैन पुत्र हबीबुर रहमान (प.बंगाल) 5. शमीम अख्तर पुत्र इम्तियाज (बिहार) 6. बेलाल हुसैन पुत्र असाद अली (प.बंगाल) 7. नजरुल पुत्र तामीजुद्दीन (प.बंगाल) 8. शेख शहजान अली पुत्र अब्दुल रउफ (प.बंगाल) 9. तोहिद अली पुत्र सादीर (प.बंगाल) 10.रानापाल पुत्र बिभुति भुषण (प.बंगाल) 11. शफीफुल पुत्र रफिजुद्दीन (प.बंगाल) 12. मशीउर रहमान पुत्र रुस्तम अली (प.बंगाल) 13.मुजामिल हक पुत्र लाल मोहम्मद (प.बंगाल) 14. फजिलात अली पुत्र रबुल शेख (प.बंगाल) 15 दुल्लु शेख पुत्र तमरेज अली (प.बंगाल) 16. नोशाद अली पुत्र अलाबुद्दीन (प.बंगाल) 17. महफुज अली पुत्र शोहिन (प.बंगाल) 18. रज्जाक अली पुत्र रब्बानी (प.बंगाल) 19. जुलहसन पुत्र अनीसुर रहमान (प.बंगाल) 20. अब्दुल खालेक पुत्र नुर मोहम्मद (प.बंगाल) 21. ललित कुमार मंडल पुत्र रामसुफल मंडल (बिहार) 22. इमरान पुत्र शमसाद (फरुखाबाद उत्तरप्रदेश) 23.मुन्ना उर्फ मुनव्वर खां पुत्र फैयाज खां (जयपुर ) 24.रोहित नायक पुत्र ज्ञान चन्द नायक, (जयपुर) के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करते हुये जेसी करवाया गया।

## रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।

-संपादक

Scan Here

मुस्लिम रिश्ते

**रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -**

**मोबाइल: 9772552446, 9799559096**

मुस्लिम पठान खूबसूरत लड़की 33/154 सेमी./एम.ए. (इंग्लिश लिटरेचर)/ प्राइवेट कम्पनी में कार्यरत/ दीनी तालीम याफ़्ता, घर के कामों में दक्ष। वालिद प्राइवेट कम्पनी से रिटायर्ड, जयपुर की प्रतिष्ठित फैमिली। सुयोग्य पढ़ा-लिखा, सर्विस क्लास/ बिजनेसमेन लड़का चाहिए। इच्छुक संपर्क करें- 9672079550

Sunni Muslim Girl 32/5.3"/B. Tech in Electronics & Communications/Working in Semi Govt. Deptt./Deeni Taleem yafta/Homely girl. Father retd. from Indian Railway. Well educated and reputed family of Jaipur. Need religious, well educated and settled boy from well reputed family. Contact: 9828453954

Muslim Qureshi Caste Girl 34/5.6"/ Ph.D (Business Management)/MBA (HR & Marketing)/At present an Assistant Professor/Namazi and well versed in Quran. Jaipur based reputed family. Father Businessman. Seeking an educated Sunni Muslim religious boy from reputed family. Interested person contact: 9314966151

चूरू (राजस्थान) निवासी सुन्नी मुस्लिम पठान खान, दीनी तालीम याफ़्ता लड़की 24/5.2"/ एम एस सी (फिजिक्स)/ रंग फेयर, बैंक एग्जाम की तैयारी कर रही है, हेतु सुयोग्य पढ़े - लिखे, सेटल्ड मुस्लिम युवक को प्राथमिकता । इच्छुक व्यक्ति संपर्क करे - मोबाइल: 97851 62654

30/5.3"/ पोस्ट ग्रेजुएट व 27/5.3"/ ग्रेजुएट / दीनी तालीम याफ़्ता, नमाज़ी/ जयपुर निवासी रेप्यूटेड फैमिली। दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम सैयद युवकों के लिए खूबसूरत, ग्रेजुएट , घर के काम में दक्ष अच्छे घराने की लड़कियां चाहिए। इच्छुक व्यक्ति लड़कियों का बायो डाटा व्हाट्सएप करें - 97995 59096

सैयद मुस्लिम युवती 23/5.5"/ बी ए/खूबसूरत, गृह कार्य में दक्ष व दीनी तालीम याफ़्ता सवाई माधोपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु खूबसूरत, दीनदार, नौकरीपेशा/बिजनेसमैन प्रतिष्ठित फैमिली के युवक की आवश्यकता है । संपर्क करें - +91 96369 22143

29 Years Old MBBA Doctor, Working in Dehli ,

Kota Based Family,Needs MBBS Girls. Contact - 9829068455

Kota Based, 31/5.3/B.tech, PG Diploma in Banking, MBA in Finance, BSTC, Experience 3 years in ICICI Bank [Special Officar], Sunni Muslim Rangrez Girl. Father - Princeipal, Mother- House Wife, One Younger brothers. Required Educated, Honest life Partner Contact – 9829068455


## पटवारी भर्ती परीक्षा में 1685 पद बढ़ाए गए:अब 3705 पदों पर होगी पटवारियों की भर्ती

राजस्थान में सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पटवारी भर्ती परीक्षा की संशोधित विज्ञप्ति जारी की है। इसमें भर्ती के लिए 1685 पद बढ़ा दिए हैं। ऐसे में अब प्रदेशभर में कुल 3,705 पदों पर पटवारियों की भर्ती होगी।

इसके लिए 18 से 40 साल तक की उम्र के उम्मीदवार 23 जून से 29 जून तक राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ऑफिशल वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई कर सकेंगे। इसके बाद 17 अगस्त को भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

दरअसल, राजस्थान सरकार ने इससे पहले प्रदेशभर में 2020 पदों पर पटवारी की भर्ती निकाली थी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई थी।

तब प्रदेशभर में 6 लाख 43 हजार 339 अभ्यर्थियों ने पटवारी बनने के लिए आवेदन किया था, इसके बाद 11 मई को पटवारी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाना था। लेकिन सरकार ने आखिरी वक्त पर भर्ती परीक्षा को स्थगित कर पटवारी भर्ती के पदों में बढ़ोतरी का फैसला किया था। अब राजस्थान की भजनलाल सरकार ने अब 1685 पदों की बढ़ोतरी की है। इसके लिए फिर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है।

**योग्यता:**

राजस्थान पटवारी भर्ती 2025 के लिए शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन है। इसके साथ कैंडिडेट्स को कम्प्यूटर विषय का बुनियादी ज्ञान होना जरूरी है।

**सिलेक्शन प्रोसेस:**

पटवारी के पद पर अभ्यर्थियों का सिलेक्शन रिटन एग्जाम के जरिए किया जाएगा। जो इसी साल 17 अगस्त को आयोजित होगा। इसके बाद मेरिट के आधार पर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद अभ्यर्थियों को सिलेक्ट किया जाएगा।

**आयु सीमा:**

पटवारी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए उम्मीदवार की उम्र 18 से 40 साल होनी जरूरी है। वहीं, आरक्षित श्रेणी को 40 साल से ज्यादा का होने पर भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की छूट दी जाएगी। मैट्रिक्स लेवल 5 के आधार पर सैलरी दी जाएगी।

## राजस्थान उच्च न्यायालय चालक भर्ती 2025 - 58 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करें

राजस्थान उच्च न्यायालय चालक भर्ती 2025 राजस्थान उच्च न्यायालय चालक (चालक) में 58 पद के लिए ऑनलाइन फॉर्म 2025 नवीनतम रिक्ति चालक की भर्ती पद वे उम्मीदवार इच्छुक हैं और सभी पात्रता पूरी करते हैं राजस्थान उच्च न्यायालय आरएचसी चालक आवेदन पत्र (राजस्थान उच्च न्यायालय) परीक्षा भर्ती 2025 के लिए भर्ती विवरण के बारे में जांचें महत्वपूर्ण तिथियां आवेदन कैसे करें आवेदन पत्र भरने के चरण रिक्ति विवरण नीचे दिया गया है

**महत्वपूर्ण तिथियाँ:**

आरंभ तिथि: 18 जून 2025

अंतिम तिथि: 07 जुलाई 2025 शाम 5 बजे तक ही

शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि: 08 जुलाई 2025

एडमिट कार्ड डाउनलोड करें: बाद में सूचित किया जाएगा

**परीक्षा तिथि:** बाद में सूचित की जाएगी

**आवेदन शुल्क:**

सामान्य/अन्य राज्य: 750/-

ओबीसी एनसीएल / ईबीसी एनसीएल / ईडब्ल्यूएस: 600/-

एससी/एसटी: 450/-

भुगतान केवल ऑनलाइन, क्रेडिट/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से किया जाना चाहिए।

**आयु सीमा:**

(आयु गणना – 01 जनवरी 2026)

न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष

(भर्ती नियमों के अनुसार आयु में छूट अतिरिक्त)

**पद का नाम :** ड्राइवर (चालक)

**कुल पोस्ट :** 58

**पात्रता :**

किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा 12वीं (इंटरमीडिएट) परीक्षा उत्तीर्ण और

वैध एलएमवी/ परिवहन वाहन लाइसेंस के साथ 03 वर्ष का अनुभव

**आवेदन करें :**

राजस्थान उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट https://hcraj.nic.in खोलें।

अब, लिंक पर क्लिक करें और राजस्थान उच्च न्यायालय ड्राइवर रिक्ति 2025 का चयन करें।

मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और अन्य बुनियादी विवरण का उपयोग करके पंजीकरण करें ।

## छत्तीसगढ़ व्यापम में 430 पदों पर भर्ती, 12वीं पास करें अप्लाई

छत्तीसगढ़ व्यापम में एक्साइज कॉन्स्टेबल के 400 से ज्यादा पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट vyapamprofile.cgstate.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन 3 अगस्त को किया जाएगा।

**आवेदन शुरू :**

09 जून से 30 जून 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**

12वीं पास

**एज लिमिट :**

न्यूनतम : 18 साल

अधिकतम : 40 साल

रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों को उम्र में छूट दी जाएगी

**सैलरी :**

18,000 – 56,900 रुपए प्रतिमाह

**फीस :**

सामान्य : 350 रुपए

अन्य पिछड़ा वर्ग : 250 रुपए

अनुसूचित जाति, जनजाति : 200 रुपए

**सिलेक्शन प्रोसेस :**

एग्जाम के बेसिस पर

**ऐसे करें आवेदन**

ऑफिशियल वेबसाइट vyapamprofile.cgstate.gov.in पर जाएं।

'ऑनलाइन एप्लिकेशन' पर क्लिक करें।

अप्लाई ऑनलाइन लिंक पर क्लिक करें।

## राजस्थान में VDO के 850 पदों पर निकली भर्ती; एज लिमिट 40 साल, एग्जाम से सिलेक्शन

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB), जयपुर की ओर से ग्राम विकास अधिकारी (VDO) के 800 से ज्यादा पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार आरएसएसबी की ऑफिशियल वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। ग्राम विकास अधिकारी भर्ती प्रारंभिक परीक्षा 31 अगस्त को ऑफलाइन आयोजित होगी।

**आवेदन शुरू :** 19 जून से 18 जुलाई 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**

VDO भर्ती 2025 के लिए ग्रेजुएशन लेवल की समान पात्रता परीक्षा (CET) पास होना जरूरी है।

उम्मीदवारों के पास 12th क्लास में कम्प्यूटर विषय हो या किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर का डिप्लोमा होना जरूरी है।

**एज लिमिट :**

न्यूनतम : 18 साल

अधिकतम : 40 साल

उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी।

सामान्य वर्ग की महिला उम्मीदवार, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पुरूष उम्मीदवार जो राजस्थान के स्थायी निवासी हैं : 5 साल की छूट

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग,आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिला, जो राजस्थान की स्थायी निवासी है, : 10 साल की छूट

**फीस :**

सामान्य वर्ग, क्रीमीलेयर कैटेगरी के अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग : 600 रुपए

राजस्थान के नॉन क्रीमीलेयर के अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग : 400 रुपए

**सिलेक्शन प्रोसेस :**

प्रीलिम्स एग्जाम

मेन्स एग्जाम

**सैलरी :**

पे मैट्रिक्स लेवल 6 के आधार पर

**एग्जाम पैटर्न :**

उम्मीदवारों से भाषा ज्ञान (हिंदी व अंग्रेजी), गणित, सामान्य ज्ञान, भूगोल और प्राकृतिक संसाधन, राजस्थान से संदर्भ में कृषि व आर्थिक संसाधन, राजस्थान का इतिहास व संस्कृति और बेसिक कंप्यूटर विषय से 200 अंकों के 160 एमसीक्यू टाइप के प्रश्न पूछे जाएंगे।

परीक्षा की अवधि तीन घंटे होगी।

हर गलत उत्तर के लिए एक-तिहाई अंक की निगेटिव मार्किंग की जाएगी।

**ऐसे करें आवेदन :**

ऑफिशियल वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in पर जाएं।

ग्राम विकास अधिकारी 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन करें।

जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।

मांगी गई जानकारी दर्ज करें।

फॉर्म सब्मिट करके फीस जमा करें।

आगे की जरूरत के लिए प्रिंटआउट लेकर रखें।

## DRDO में साइंटिस्ट बी के 148 पदों पर भर्ती

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी DRDO में 148 पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार NATS की ऑफिशियल वेबसाइट rac.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू -**

7 जून से 27 जून 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**

संबंधित क्षेत्र में मास्टर डिग्री, बीई, बीटेक की डिग्री

**एज लिमिट :**

यूआर, ईडब्ल्यूएस : 35 साल

ओबीसी : 38 साल

एससी, एसटी : 40 साल

पीडब्ल्यूबीडी : उम्र में 10 साल की छूट दी जाएगी

**सिलेक्शन प्रोसेस :**

गेट स्कोर

पर्सनल इंटरव्यू

**सैलरी :**

56,100 रुपए प्रतिमाह

इसके अलावा एचआरए और अन्य अलाउंस का लाभ भी मिलेगा।

**फीस :**

यूआर, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस (पुरुष) : 100 रुपए

एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी, महिला : निःशुल्क

**ऐसे करें ऑनलाइन आवेदन :**

ऑफिशियल वेबसाइट rac.gov.in पर जाएं।

होमपेज पर करियर सेक्शन पर क्लिक करें।

अप्लाई लिंक पर क्लिक करके रजिस्ट्रेशन करें।

## AIIMS में जूनियर रेजिडेंट की निकली भर्ती; एज लिमिट 37 साल, सैलरी 55 हजार से ज्यादा

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (AIIMS), पटना में जूनियर रेजिडेंट के पदों पर भर्ती निकली है।उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट aiimspatna.edu.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू:** 16 जून से 09 जुलाई 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**

एमसीआई/एनएमसी के मान्यता प्राप्त संस्थान से एमबीबीएस (इंटर्नशिप पूरा करने सहित) पास होना चाहिए।

**एज लिमिट :**

अधिकतम आयु सीमा: 37 साल

आयु में छूट सरकारी नियमों के अनुसार दी जाएगी।

**सैलरी :**

56,100 रुपए प्रतिमाह

इसके अलावा अन्य अलाउंस का लाभ भी मिलेगा।

फीस :

यूआर, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी (एनसीएल) : 1200 + जीएसटी

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति : 500 रुपए + जीएसटी

पीडब्ल्यूबीडी /महिला : निःशुल्क

**सिलेक्शन प्रोसेस :**

रिटन टेस्ट के बेसिस पर

**ऐसे करें आवेदन :**

ऑफिशियल वेबसाइट recruitment.aiimspatna.edu.in पर जाएं।

आवेदन करें विकल्प पर क्लिक करें।

## UPSC की 462 भर्ती के लिए आवेदन शुरू

यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (UPSC) ने 400 से अधिक पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

इस भर्ती के अंतर्गत असिस्टेंट डायरेक्टर, डिप्टी सुपरिटेंडेंट हॉर्टिकल्चरिस्ट, डिप्टी आर्किटेक्ट, कंपनी प्रॉसिक्यूटर, स्पेशलिस्ट ग्रेड III असिस्टेंट प्रोफेसर, डिप्टी असिस्टेंट डायरेक्टर (नॉन-मेडिकल), डिप्टी सेंट्रल इंटेलिजेंस ऑफिसर (टेक्निकल), मेडिकल फिजिसिस्ट, साइंटिस्ट 'बी' (जियोलॉजी), डिप्टी डायरेक्टर, और जूनियर माइनिंग जियोलॉजिस्ट जैसे पद भरे जाएंगे।

**आवेदन शुरू :**

14 जून से 3 जुलाई 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**

संबंधित क्षेत्र में ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, बीई, बीटेक, एमबीबीएस, डीएनबी, एमफिल, पीएचडी, एमएस, एमडी, एमसीएच, डीएम की डिग्री

**सैलरी :**

लेवल - 8 के अनुसार

**एज लिमिट :**

न्यूनतम : 30 साल

अधिकतम : 45 साल

रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों को अधिकतम उम्र में छूट दी जाएगी।

**फीस :**

जनरल, ओबीसी, ईडब्यूएस, पुरुष उम्मीदवार : 25 रुपए

अन्य सभी : निःशुल्क

**सिलेक्शन प्रोसेस :**

रिटन एग्जाम

इंटरव्यू

**ऐसे करें आवेदन :**

ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर जाएं।

होम पेज पर दिए गए वन टाइम रजिस्ट्रेशन टैब पर क्लिक करें।

मोबाइल नंबर, मेल आईडी आदि दर्ज कर रजिस्ट्रेशन करें।

मांगे गए डाक्यूमेंट्स अपलोड करें।


रॉयल पत्रिका

जयपुर से प्रकाशित होने वाले "रॉयल पत्रिका" को अपने दैनिक समाचार पत्र व "रॉयल पत्रिका" डिजिटल के लिए रिपोर्टर, स्क्रिप्ट राईटर, डी टी पी ऑपरेटर और हॉकर्स (अखबार बांटने वाले) की आवश्यकता है तथा बीजेएमसी के छात्र-छात्राएं इंटर्नशिप हेतु संपर्क करें।

। वेतन योग्यतानुसार ।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें - संपादक, रॉयल पत्रिका, मस्जिद शेखान के सामने, घोड़ा निकास रोड, रामगंज बाज़ार, जयपुर 302002

मोबाइल: 8058969180/9799559096

## आवश्यकता

**'खान साहब' के यहां पर टिफिन सेंटर के लिए स्टाफ की जरूरत**

खाना बनाने व ऑफिस की साफ-सफाई (15-20 मिनिट्स) के लिए महिला / पुरुष हेल्पर स्टाफ की जरूरत है ।

जॉब लोकेशन : नियर मुक्ति मार्ग आदर्श नगर/ MD रोड़ जयपुर

ड्यूटी महज 7 से 9 घंटे की है। सैलरी : 12 से ₹ 15,000 तक + दोनों वक्त का खाना फ्री ओवरटाइम की सुविधा उपलब्ध है।

Mob - 9828733222

**. हमारे ऑफिस में बुजुर्ग गार्ड स्टाफ की जरूरत है**
**जॉब लोकेशन: Limra फाउंडेशन आदर्श नगर जयपुर**
**सैलरी. : 8 से ₹ 9,000**
**सुकून से बैठना है, आने जाने वालों की एंट्री करनी है पानी की मोटर चलानी है**
**Call इरफान अख्तर 9828733222**
**कभी-कभी नाइट ड्यूटी भी रहती है नाइट ड्यूटी में रात को 12:00 बजे से लेकर सुबह 6:00 बजे तक सो सकते हैं**

**हेल्पर स्टाफ की जरूरत है जिन्हें लोहे का काम आता हो या पावर प्रेस का काम आता हो**
**कांटेक्ट करें : +91 90018 76353**
**सैलरी काम देखने के बाद में डिसाइड की जाएगी !**
**इदरीश अहमद साहब ईदगाह दिल्ली रोड जयपुर**

कोई अनाथ, बेवा, बेसहारा, सिंगल मदर, विधवा, डिवोर्सड औरत हो, (जिनकी घर की टोटल आमदनी 15 हजार से ज्यादा ना हो) जो हकीकत आगे बढ़ना चाहती हो, लिमरा फाउंडेसन् के दरवाजे आपके लिए खुले है, आप आये, आपको ₹22,499 का ई कॉमर्स कोर्स बिल्कुल फी-सबी लिल्लाह (निशुल्क) कोर्स करवाया / सिखाया जायेगा, और आपको आमदनी / जॉब भी दिलाई जायेगी इंशा अल्लाह, ये खिदमत सभी धर्मो के लिए है

Call @ Irfan Akhtar (HR Head - Career Expert)
Limra Foundation
Adarsh Nagar/सांगानेर Jaipur
98287 33222 / 9079698667

**काठी रोल, वेज और नॉनवेज रोल बनाने के लिए स्टाफ की जरूरत है**
**सैलरी : ₹15000 + रहना + खाना फ्री हैं**
**टेक अवे है कस्टमर नहीं आते हैं , ओन्ली स्विग्गी और जोमैटो ऑर्डर जाते हैं**
**साथ में वेज कबाब, सीख कबाब बनाने वाले स्टाफ की भी जरूरतहै**
**@HR Irfan Akhtar 9828733222**

**बैक ऑफिस /ऑफिस कोऑर्डिनेटर**
**महिला स्टाफ की जरूरत है**
**Salary :- - 13 हजार से 16 हजार तक**
**Location - सोडाला- सी स्कीम - नंदपुरी स्वेज फार्म**
**HR -: सिमरन हयात 94607 44122**
*** HR इरफान अख्तर 98287 33222**

**Need Female Coordinator Staff /Office Manager for A Gym ( English is Must )**
**Job location Veshali Nagar - Jaipur**
**Call to HR -Irfan Akhtar -98287-33222**
**Limra Foundation- Jaipur**

**Need 3 Graphic Designer In Sitapura**
**Male /Female Both Can Apply**
**Salary - 25k (Total 35k-40K)**
**Food + Living - 10k Extra**
**HR - Irfan 9828733222**

**Need Swatin Designer**
**In sitapura**
**Salary 30 to 50k**
**Mob. 9828733222**

## हेल्पर स्टाफ एवं कारीगर की आवश्यकता

1 कचोरी/समोसे और छोले बनाने के लिए महिला या पुरुष कारीगर स्टाफ, की जरूरत है।
2 कस्टमर को कचोरी देने वाले हेल्पर स्टाफ की जरूरत है।
3 रसोईया / पकईया स्टाफ चाहिए। 4 घर बैठे कचोरी बनाने वाली महिला स्टाफ की जरूरत है (Work From Home)

जॉब लोकेशन : रामगंज / छोटी चौपड़ जयपुर

सैलरी : काम और स्वाद देखने के बाद डिसाइड की जाएगी

नोट : कारीगर/स्टाफ चाहे तो अपने घर पर बैठकर भी काम कर सकता हैं, स्टाफ परकोटे का ही चाहिए।

अजमेर की फेमस कड़ी-कचोरी की ब्रांच जयपुर में खुलने जा रही है। इसके लिए इन्वेस्टर और पार्टनर की जरूरत है। कान्टैक्ट : इरफ़ान अख्तर 98287-33222


# आरएएस की तैयारी कैसे करें ?

**प्रशासनिक सेवाओं के युवा अभ्यर्थियों के लिए संदेश**
**"सपनों को हकीकत में बदलने की यात्रा मेहनत और विश्वास से शुरू होती है!"**

**प्रिय युवा अभ्यर्थियों,**

प्रशासनिक सेवाओं (जैसे यूपीएससी, पीसीएस) की राह एक ऐसी यात्रा है, जो न केवल आपके ज्ञान और कौशल की परीक्षा लेती है, बल्कि आपके धैर्य, अनुशासन, और आत्मविश्वास को भी परखती है। यह यात्रा कठिन हो सकती है, लेकिन यह आपके भीतर छिपी असीम संभावनाओं को उजागर करने का अवसर भी है। आप में वह शक्ति है, जो देश की सेवा और समाज में बदलाव लाने का सपना पूरा कर सकती है।

**सपनों को सच करने की प्रेरणा**

चंद्रयान-3 की कहानी याद करें। ISRO ने चंद्रयान-2 की असफलता से हार नहीं मानी। मेहनत, नवाचार, और दृढ़ संकल्प के साथ, 23 अगस्त 2023 को भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग कर इतिहास रच दिया। यह उपलब्धि सिखाती है कि असफलताएँ रुकावट नहीं, बल्कि सीखने का मौका हैं। आपका हर प्रयास, हर मॉक टेस्ट, हर संशोधन आपको आपके लक्ष्य के करीब ले जाता है।

**आपके लिए रणनीति**

स्पष्ट लक्ष्य बनाएँ: यूपीएससी सिलेबस को समझें और छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएँ, जैसे प्रति सप्ताह 2 विषयों का संशोधन या 20 समसामयिक प्रश्नों का अभ्यास।

नियमितता: रोज़ाना 6-8 घंटे पढ़ाई करें। सुबह समाचार पत्र (जैसे, जनसत्ता) पढ़ें, दोपहर में NCERT या लक्ष्मीकांत की पुस्तक, और शाम को मॉक टेस्ट हल करें।

संशोधन और अभ्यास: संक्षिप्त नोट्स बनाएँ (जैसे, चंद्रयान-3: लैंडर-विक्रम, रोवर-प्रज्ञान) और फ्लैशकार्ड का उपयोग करें। दृष्टि IAS या विजन IAS टेस्ट सीरीज़ में शामिल हों।

आत्मविश्वास: असफलताओं से न डरें। हिंदी माध्यम के टॉपर्स जैसे अनु कुमारी ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपने पूरे किए।

स्वास्थ्य: 15 मिनट योग, 7-8 घंटे नींद, और सकारात्मक सोच आपके मन को मजबूत रखेगी।

**प्रेरक कहानियाँ**

अनु कुमारी: हिंदी माध्यम से यूपीएससी AIR-2 (2017)। उन्होंने नौकरी छोड़कर, सीमित संसाधनों में पढ़ाई की और सफलता पाई।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम: एक साधारण पृष्ठभूमि से ISRO और DRDO तक का सफर, जो हमें सिखाता है कि मेहनत से कोई भी सपना असंभव नहीं।

**संदेश**

यूपीएससी केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि आपके धैर्य, समर्पण, और देश सेवा की भावना का प्रतीक है। हर दिन एक नया कदम उठाएँ, हर असफलता से सीखें, और अपने सपनों को सच करने के लिए अडिग रहें। आप में वह शक्ति है, जो न केवल आपको बल्कि देश को भी नई ऊँचाइयों तक ले जा सकती है।

अपनी मेहनत और विश्वास से आप वह सब कुछ हासिल कर सकते हैं, जो आप चाहते हैं। शुरू करें, आज और अभी! शुभकामनाएँ!

**डॉ. एम् . ए. खान**
**प्रोफेसर (भूगोल)**

# लॉ की डिग्री के बाद करियर की ढेरों संभावनाएं

प्रोफेशनल कोर्स लॉ करने के बाद अक्सर कई लोगों को लगता है कि केवल आप वकील बन सकते हैं। लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है लॉ करने के बाद केवल वकील ही नही, उसके अलावा भी कई ऑप्शन हैं। औद्योगिक, साइबर, प्रशासनिक जैसी हर गतिविधि में कानून के जानकारों की आवश्यकता पड़ती है। कई सरकारी नौकरियों में लॉ की डिमांड होती है। नए दौर में कानून के जानकारों के लिए कॉरपोरेट वर्क कल्चर भी सामने आया है। लॉ करने के बाद कई संभावनाएं देखने को मिल रही है।


कानून के सिलेबस में मेंक्रिमिनल लॉ, कॉरपोरेट लॉ (corporate law), पेटेंट कानून (patent law), साइबर लॉ (Cyber law), फैमिली लॉ, बैंकिंग लॉ, टैक्स लॉ आदि होते हैं। इसमें प्रवेश करने के लिए LLB की डिग्री मिलने के बाद वकालत करने के लिए स्टेट बार कॉउन्सिल में एनरोल कराना होता है। इस मामले में एक्सपर्ट का कहना है कि यह एक हाई प्रोफाइल और सुपर स्पेशियलाइज्ड फील्ड है। हर क्षेत्र में शामिल रहने की वजह से हम इसे न्यू इमर्जिंग फील्ड भी कह सकते हैं। कानून का क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है, जहां गवर्नमेंट और प्राइवेट, दोनों सेक्टर में काफी अच्छी संभावनाएं हैं। यहां पर हाई पेइंग करियर है, इसमें पढ़ने की आदत होने के साथ, प्रेजेंटेशन स्किल्स, कॉम्यूनिकेशन स्किल का होना बहुत काम आता है।

**प्रवेश परीक्षा एवं कोर्स**

भारत में लॉ कोर्सेज (Law Courese) में एडमिशन के लिए छात्र को क्लैट (सीएलएटी), एआईएलईटी, एलसैट इंडिया (एलएसएटी) जैसी प्रवेश परीक्षा देनी होती है। बैचलर ऑफ लॉ (एलएलबी) कोर्स के दो विकल्प उपलब्ध हैं, 3 वर्ष की अवधि का एलएलबी कोर्स (Law Courese), ग्रेजुएशन डिग्री के बाद कर सकते हैं। अंडरग्रेजुएट (UG) छात्रों के लिए 5 वर्ष की अवधि का इंटीग्रेटेड कोर्स उपलब्ध है। इंटीग्रेटेड कोर्स में बीए, बीबीए जैसे ग्रेजुएट प्रोग्राम्स एलएलबी डिग्री के साथ शामिल मिलेंगे।

**कहां कर सकते हैं नौकरी**

सरकारी नौकरी के भी मौके है, बार कॉउंसिल की परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद आप सरकार और उसके विभिन्न विभागों के लिए केस लड़ सकते हैं। जो आपके लिए काफी अच्छा ऑप्शन है। लॉ करने के बाद आप बतौर एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट, और डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में खुद की प्रैक्टिस कर सकते हैं। किसी सीनियर वकील के साथ रहकर आप प्रैक्टिस कर सकते हैं। अपनी पसंद के अनुसार, सिविल, टैक्स, क्रिमिनल, कॉरपोरेट क्षेत्र चुन सकते हैं।



**सरकारी नौकरी**

राज्य सरकार और केंद्र सरकार समय-समय पर जुडिशल सर्विस और सिविल सर्विस की परीक्षा आयोजित करती हैं, इन परीक्षा को पास करके आप कोर्ट में जज तथा अन्य ऊंचे पदों पर कार्य कर सकते हैं। इन पदों पर सैलरी के साथ-साथ कई सुविधाएं भी जाती है। जुडिशल क्लर्कशिप या लॉ क्लर्क, जज के सहायक के तौर पर कार्य करते हैं। ये जज को विधि संबंधी या केस से सम्बंधित अनुसंधान में सहायक का कार्य करते हैं।क्लर्कशिप की परीक्षा पास करने के बाद आप इस पद पर सेवा कर सकते हैं।

**प्राइवेट सेक्टर**

बड़े औद्योगिक घरानों और लॉ फर्म्स में व्यावसायिक समस्याओं और अन्य कानूनी समाधान के लिए लीगल एनालिस्ट की जरूरत होती है। एक लीगल एनालिस्ट के वार्षिक पैकेज की शुरुआत प्रति वर्ष 6 से 10 लाख रुपये सैलरी से होती है। स्टार्टअप्स और सोशल वर्क से संबंधित संगठनों में भी कानून के जानकारों की आवश्यकता होती है। विदेश से लॉ की डिग्री आपके लिए वैश्विक अवसर मिलती है। इसके अलावा बहुत से उद्योगपति, कंपनियां, नेता तथा संस्थाएं न्यायिक अड़चनों से निपटने के लिए लीगल एडवाइजर नियुक्त करते हैं। बर्शते आपकी नॉलेज अच्छी होनी चाहिए।

# एसडीपीआई ने मनाया 17वां स्थापना दिवस

## - जिला अस्पताल में कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान




बारां, (रॉयल पत्रिका)। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया बारां इकाई द्वारा शनिवार को पार्टी का 17वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर बारां जिला कार्यालय पर एसडीपीआई के ज़िलाध्यक्ष अब्दुल अजीज अज्जू ने झण्डा रोहण किया। उसके बाद कार्यकर्ता क़ो संबोधित करते हुए ज़िला अध्यक्ष ने कहा कि एसडीपीआई के स्थापना दिवस पर हमारे जुझारू कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता समर्थकों के विश्वास और न्याय की इस अधिक भावना को में सलाम करता हूं जो हमारी पार्टी की पहचान है गठन के दिन से ही एसडीपीआई में सत्ता से सच कहने का साहस दिखाया है और वंचितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रही है। आज जब लोकतांत्रिक मूल्य खतरे में है और नफरत की राजनीति मुख्य धारा में आ गई है तब हमारी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। झंडारोहण के पश्चात एसडीपीआई के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने शहीद राजमल मीणा राजकीय चिकित्सालय बारां के ब्लड बैंक पहुंच कर रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में इफ़्तिखार अहमद, मोहम्मद उमर, मोहम्मद अखलाक, रिंकू मंसूरी, गुलशेर अहमद, जाकिर रंगरेज़ सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सलामत हुसैन, पार्षद असलम अंसारी, शहादत अंसारी, समीर खान, मौलाना सलमान, हाजी वहीद शेख, अलीम मंसूरी, वसीम शेख, शेर अली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर जिले में मनाया गया 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## -सैकड़ों लोगों ने योगाभ्यास कर लिया स्वस्थ जीवन का संकल्प, 'योग भी - वोट भी' का संदेश भी

**शब्बीर हुसैन**



बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिले में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की थीम पर शनिवार को सुबह जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंचायत स्तर से लेकर ब्लॉक और जिला स्तर तक भव्य आयोजन किए गए। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम कृषि उपज मंडी प्रांगण, बारां में आयोजित किया गया। हल्की बूंदाबांदी के बीच भी सैकड़ों योग प्रेमियों ने बढ़ - चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 6 बजे मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें बारां विधायक राधेश्याम बैरवा, जिला प्रभारी सचिव (आईएएस) डॉ. जोगाराम एवं जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने भाग लिया। कार्यक्रम में योग प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन किया गया। सुबह 6:30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन विशाखापट्टनम से लाइव प्रसारण के माध्यम से दिखाया गया। इसके पश्चात प्राणायाम एवं विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। 'आर्ट ऑफ लिविंग' की प्रशिक्षिका साधना ने प्रतिभागियों को करीब 30 मिनट तक योग एवं शारीरिक व्यायाम करवाया, जिसमें अंत में ध्यान एवं मानसिक तनाव निवारण की क्रियाएं भी शामिल थीं।

कार्यक्रम के अंत में जिला प्रभारी सचिव डॉ. जोगाराम ने सभी को योग की शपथ दिलाई, साथ ही मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा योग से संबंधित संस्थाओं को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। विभिन्न संस्थाओं द्वारा योग संबंधित स्टॉल्स भी लगाए गए।

इस अवसर पर उप जिला प्रमुख छीतरलाल मेघवाल, एएसपी राजेश चैधरी, एडीएम दिवांशु शर्मा, सीईओ राजवीर सिंह चौधरी, पूर्व जिला प्रमुख नंदलाल सुमन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे। इसके साथ ही ग्राम पंचायत एवं उपखंड स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम उत्साह से मनाया गया।

योगाभ्यास के बाद 'योग भी - वोट भी' अभियान के तहत 5 मिनट की समयावधि में मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया किया और जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने सभी को लोकतांत्रिक भागीदारी और मतदान के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई।

# ग्राम पंचायत चांदपुरा भिलान में पीएम आवास योजना में भ्रष्टाचार का आरोप

## -योजना के लाभ से वंचित करने पर जांच की मांग

**फिरोज खान वारसी**



झालावाड़,(रॉयल पत्रिका)। झालावाड़ जिले के मनोहरथाना कस्बे की ग्राम पंचायत चांदपुरा भीलान के स्थानीय निवासी पप्पू लाल तंवर ने ग्राम पंचायत व रोजगार सहायक पर पीएम आवास योजना में मिलने वाले लाभ से वंचित करने का आरोप लगाया है, पप्पूलाल ने रोजगार सहायक पर आरोप लगाया कि उन्होंने जानबूझकर पीएम आवास योजना से बाहर किया है। पीड़ित ने बताया कि वह ग्राम घोघडी पंचायत चांदपुरा भिलान का स्थानीय निवासी है। पीएम आवास के तहत उसे पूर्व में लाभ प्राप्त नहीं हुआ। बाद में पुनः आवेदन करने के बाद पंचायत सहायक मांगीलाल द्वारा पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की एवज में उसने 20,000 हजार रिश्वत की डिमांड की गई। इस दौरान उसके द्वारा पंचायत सहायक को 10,000 देने की बात कही लेकिन इस पर मांगीलाल राजी नहीं हुआ। जिसके बाद मांगीलाल के द्वारा पीड़ित पप्पू लाल का पीएम आवास योजना में से नाम कटवा दिया गया। फिलहाल पप्पू लाल के द्वारा मनोहरथाना एसडीएम को 17 जून 2025 एवं उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच करवाने हेतु मांग की है।

# रामगंज मंडी में पालिका अध्यक्ष से सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग



सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। रामगंजमंडी अदालत परिसर में संदिग्ध लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने तथा चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अभिभाषक परिषद ने नगरपालिका अध्यक्ष अखिलेश मेडतवाल से मांग की है परिषद के सचिव प्रदीप अहीर ने बताया कि गुरुवार को अदालत परिसर से एक वकील का बैग चोरी हो गया था जो तीन घंटे बाद खैराबाद के तालाब के यहां सड़क पर पड़ा मिला बैग में नोटेरी रजिस्टर रजिस्ट्री के दस्तावेज मौजूद थे इसी प्रकार की चोरी की घटना कुछ समय पूर्व हो चुकी है जिसमें स्टाम्प रजिस्ट्री के दस्तावेज के साथ नगद राशि भी थी अदालत परिसर में सभी तरह के लोगों का आना-जाना लगा रहता है तथा वकील अपने पाटे (टेबल) को छोड़कर न्यायालय में अन्दर पैरवी करने भी जाते हैं ऐसे में वकीलों के बैग और अन्य सामान की सुरक्षा की दृष्टि से अदालत परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने आवश्यक हैं। नगरपालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल को परिषद के अध्यक्ष चन्दन गुप्ता एडवोकेट के नेतृत्व में वकीलों ने सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया इस अवसर पर परिषद के सचिव प्रदीप अहीर कमलेश धाकड़ जीवन गंगवाल धीरज गुप्ता परमानन्द अहीर अंकित शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय का नवम् दीक्षांत समारोह हुआ आयोजित

## -पत्रकारिता में पीएचडी करने पर डॉ. रहीम खान का केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मान




किशनगढ़, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय का नौवां दीक्षांत समारोह गुरुवार को विश्वविद्यालय के परिसर बांदरसिंदरी में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस समारोह में विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल और डिग्रियां प्रदान की गई। यह समारोह विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया। इस दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने की। प्रो. भालेराव ने विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, और यह दीक्षांत समारोह उनके प्रयासों का एक और प्रमाण है। इस समारोह में विश्वविद्यालय के कल्चर एवं मीडिया विभाग से पत्रकारिता के क्षेत्र में पीएचडी करने वाले डॉ. रहीम खान का भी सम्मान किया गया। डॉ. रहीम खान को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की गरिमामय उपस्थिति में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी और कुलपति प्रो आनंद भालेराव के हाथों सम्मानित किया गया। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय का यह दीक्षांत समारोह छात्रों के लिए एक यादगार पल था, जब उनकी वर्षों की मेहनत और समर्पण को औपचारिक रूप से मान्यता मिली। इस अवसर पर स्नातक, स्नातकोत्तर, और शोध स्तर की डिग्रियां प्रदान की गई। समारोह में छात्रों के साथ उनके अभिभावक, शिक्षक, और विश्वविद्यालय के कर्मचारी भी शामिल हुए। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के बाद से ही शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। विभिन्न विषयों में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ, विश्वविद्यालय ने सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी योगदान दिया है। इस दीक्षांत समारोह के माध्यम से शिक्षा मंत्री ने छात्रों को न केवल डिग्रियां प्रदान की, बल्कि उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम करने को भी प्रेरित किया।

# "बिजली, पानी न दे सके, वह सरकार निकम्मी" नारों के साथ कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

**डॉ. तोहिद**




सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। रामगंज मंडी में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बिगड़ी बिजली व्यवस्था में सुधार के लिये धरना प्रदर्शन करके ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। बरसात के बीच भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर चौराहे पर धरना देकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान एक दर्जन से अधिक वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। इसके बाद धरना स्थल से रैली के रूप में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्त विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विद्त व्यवस्थाओं की मांग की। शुक्रवार सुबह 10 बजे से अम्बेडकर चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जुटना शुरू हुआ।

धरने में शामिल कार्यकर्ताओं, वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुये कहा कि वर्तमान केबिनेट मंत्री मदन दिलावर जब विधायक थे और उस समय कांग्रेस की सरकार थी, उस समय बिजली की कोई समस्या नहीं थी। इसलिये कैबिनेट मंत्री के पद से दिलावर इस्तीफा दें और विधायक रहे तो समस्या का समाधान हो सकता है। सरकार में कोई काम नहीं हो रहे हैं, मंत्री बेबाक तरीके गलत बयानबाजी कर रहे हैं, सरकार में अधिकारियों का हनन किया जा रहा है। जब कांग्रेस ने बिजली की समस्या के लिये धरने प्रदर्शन करने की घोषणा की तो आनन-फानन में भाजपा ने विद्त विभाग की मीटिंग बुलाई। मीटिंग में भाजपा से जुड़े नेताओं ने अधिकारियों के समक्ष समस्याओं का अंबार लगा दिया तो अधिकारियों ने स्टाफ और वाहन नहीं होने का बहाना लगा दिया। भाजपाई कह रहे है कि सरकार पूरी बिजली दे रही है परन्तु अधिकारी लापरवाही कर रहे है। अगर ऐसा है तो नकारा अधिकारियों को हटा कर आमजनता को राहत दे। अगर आने वाले दिनों में अगर विद्त सुधरी तो कतीस बद्ध आंदोलन करेगी जो अनिश्चित काल के लिये दिया जायेगा। वक्ताओं ने बताया कि क्षेत्र में बिजली की स्थिति यह है कि 24 घण्टे में 48 बार बिजली बंद होती है। अगर सरकार बिजली सही नहीं दे सकती है तो इस क्षेत्र के सांसद का लोकसभा अध्यक्ष होना और विधायक का केबिनेट है। कार्यक्रम में रामगंजमंडी, चेचट, मोड़क, डाबादेह, सुकेत, सातलखेड़ी कुमी, सौराबाद, सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि व नेता शामिल रहे। वहीं सभी मंडल अध्यक्षों, पूर्व पार्षद, जिला परिषद, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ कांग्रेसियों ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा योग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## -योग प्राचीन भारतीय परम्परा का अनुठा उपहार - राधेश्याम बैरवा



बारां, (रॉयल पत्रिका)। योग प्राचीन भारतीय परम्परा का अनुठा उपहार है, यह न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है बल्कि आपके मानसिक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है। योग एक प्राचीन कला है, जो मन और शरीर को जोड़ती है। यह विचार स्थानीय राजकीय पालिटेक्निक महाविधालय परिसर में केंद्रीय संचार ब्यूरो, कोटा, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में बारां -अटरू, विधायक राधे श्याम बैरवा ने व्यक्त किए गए। इस अवसर पर राजकीय पालिटेक्निक महाविधालय, बारां के प्रिंसिपल डॉ. संजय ववेजा ,अंकित मेघवाल, अमृतम शिक्षक प्रशिक्षण महाविधालय की प्रिंसिपल डॉ. सुनिता नागर, योग शिक्षक नरेश सुमन आदि उपस्थित थे।

राजकीय पालिटेक्निक महाविधालय बारां, इजिनियरिंग कालेज बारां तथा अमृतम शिक्षक प्रशिक्षण महाविधालय के सहयोग से आयोजित योगाभ्यास जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक राधेश्याम बैरवा ने कहा की योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। यह हमें स्वस्थ, शांत और खुश रहने की दिशा में ले जाता है। उन्होंने कहा की योग एक व्यायाम है जिसे करके हम अपने शरीर के तत्वों को संतुलित करते हैं। इसके अलावा यह हमें ध्यान लगाने और आराम करने में मदद करता है। इसके अलावा, योग हमें अपने शरीर के साथ-साथ मन पर भी नियंत्रण रखने में मदद करता है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहायक निदेशक, रामेश्वर लाल मीणा ने कहा कि आज की तनावपूर्ण दिनचर्या वाले जीवन में योग हमारे लिए वरदान की तरह है। हमें न केवल खुद योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और अपने परिवार व निकटजनों को भी योग अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा की कपाल भांति, अनुलोम- विलोम, भस्त्रिका, उजाए, भ्रामरी आदि प्राणायाम के द्वारा जीवन को सहज और स्वस्थ बनाया जा सकता।

कार्यक्रम में पंतजलि योग समिति बारां के योगाचार्य गौरी नंदन आर्य उपस्थित जन समुदाय को योग व प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस अवसर पर अनेक प्रकार के सूक्ष्म व्यायाम, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी व उद्गिथ प्राणायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, शवासन सहित अनेक योगासनों का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के बाद प्रतिभागियों के लिए योग पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को विभाग की और से पुरस्कार देकर सम्मानित किया

इस अवसर पर राजकीय पालिटेक्निक महाविधालय बारां, इजिनियरिंग कॉलेज बारां तथा अमृतम शिक्षक प्रशिक्षण महाविधालय का समस्त स्टाफगण एवं विधार्थीयो ने योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन ब्यूरो के प्रेम सिंह यादव ने किया।

# भारतीय समाज सेवा संस्था के राजस्थान प्रदेश सह संयोजक बने करतार सिंह



प्रदेश सह संयोजक पद पर करतार सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है ।

झालावाड़,(रॉयल पत्रिका)। भारतीय समाज सेवा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल यादव ने 21 जून 2025 को प्रदेश सह संयोजक पद पर करतार सिंह को मनोनीत किया है। इस संबंध में राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष फिरोज खांन वारसी ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में भारतीय समाज सेवा संस्था गरीबों अनाथ असहाय कमजोर दिव्यांग, श्रमिक, महिलाओं के लिए लगातार कार्य कर रही है। ऐसे में

# शाहाबाद ब्लॉक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य आयोजन

## -संभागीय आयुक्त ने दिलाई योग शपथ



शाहाबाद/बारां, (रॉयल पत्रिका)। शाहाबाद ब्लॉक में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की थीम पर उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और उपस्थित जनसमूह को योग शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने प्रातः कालीन बेला में सामूहिक योगाभ्यास किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से देश को संबोधित संदेश को भी देखा और सुना। संभागीय आयुक्त शेखावत ने अपने संबोधन में योग को मानव जीवन के लिए आवश्यक बताते हुए इसे जीवनशैली का अंग बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर एसडीएम मुकेश कुमार मीणा, सीएमएचओ डॉ. संजीव सक्सेना सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय प्रशासन और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। योग दिवस के आयोजन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा गया, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# सुकेत का वर्षों पुराना हाट बाजार ना ग्राम पंचायत बदल पाई, ना नगरपालिका बदल पाई बदहाली का शिकार



सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। कस्बे का हाट बाजार कई सालों से लग रहा है। यहां बरसों से व्यापारी दुकानें लगाते आ रहे हैं। पहले ग्राम पंचायत और अब नगर पालिका हर साल इस बाजार से करीब 6 लाख रुपए टैक्स वसूलती है। इसके बावजूद यहां न तो बैठने के लिए प्लेटफॉर्म हैं और ना ही पीने के पानी की व्यवस्था। साफ-सफाई और शौचालय की सुविधा भी नहीं है। यही कारण है कि यह बाजार अब धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। बारिश के मौसम में व्यापारियों को कीचड़ में खड़े रहकर दुकानें लगानी पड़ती हैं। खरीददारी करने आने वाले लोगों को भी कीचड़ भरे रास्ते व गंदगी के बीच खरीददारी - करनी पड़ती है। कस्बे के थोक किराना व्यापारी महावीर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपने पिता के साथ यहां व्यापार शुरू किया था। आज उनकी बड़ी दुकान है। पर हाट बाजार की हालत पहले जैसी ही है। पहले ग्राम पंचायत थी, अब नगर पालिका है, पर सुविधाएं नहीं बढ़ीं। बाहर से आने बाले व्यापारी भी अब कम हो गए हैं। इससे कस्बे का व्यापार प्रभावित हो रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष व किराना व्यापारी रहे नरेंद्र व्यास ने बताया कि पहले ग्राम पंचायत 5 रुपए हाट टैक्स लेती थी। अब नगर पालिका ज्यादा टैक्स वसूल रही है, लेकिन सुविधाएं नहीं दे रही। टैक्स वसूलने वाले कर्मचारी मनमाने ढंग से पैसे लेते हैं। अतिक्रमण भी बड़ी समस्या बन गया है। बाजार में कई गुमटियां अवैध रूप से लगी हैं। इससे आने-जाने का रास्ता संकरा हो गया है। चारदीवारी भी एक जगह से तोड़ दी गई है। चारो तरफ अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है जो हाट बाजार के अस्तित्व को खत्म कर रहा है। नगरपालिका की और से अब तक सिर्फ एक प्लेटफॉर्म बनवाया है, जो अनुपयोगी साबित हो रहा है। ग्राम पंचायत कार्यकाल में भी कई योजनाएं बनीं, पर कोई सफल नहीं हुई। नगर पालिका प्रशासन की और से लाखों रुपए की टैक्स वसूली के बावजूद कोई स्थाई बाजार में विकसित नहीं की है। लाइट, पानी, शौचालय, व बैठने को साफ स्वच्छ प्लेटफॉर्म ये इस हाट बाजार की प्राथमिक जरूरत है जो नगरपालिका प्रशासन व्यापारियों को नहीं दे पा रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि एवं व्यापारियों और नागरिकों को सुविधा मिल सके।

# नो एंट्री के बाद भी कस्बे से निकल रहे हैं भारी वाहन



हाट बाजार के अंदर से निकलता भारी वाहन।

सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। कस्बे में सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहनों की नो एंट्री है। इसके बाद भी वाहन लगातार कस्बे से होकर गुजर रहे हैं। इन वाहनों के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कस्बे की मुख्य सड़क पर स्कूल, अस्पताल, नगर पालिका, जलदाय, विद्त विभाग के कार्यालय हैं। यहां आम लोगों की आवाजाही दिनभर बनी रहती है। ऐसे में तेज रफ्तार से दौड़ते भारी वाहन लोगों की जान के लिए खतरा बन सकते हैं। रविवार को लगने वाले हाट बाजार के भीड़भाड़ वाले इस इलाके में से जब ये वाहन गुजरते हैं तो हादसे की आशंका और बढ़ जाती है। प्रशासन ने नो एंट्री का आदेश तो जारी किया है, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा। वाहन चालक बेधड़क नियम तोड़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि जिम्मेदारों को इस मामले में सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए। ट्रैफिक पुलिस के दो सिपाही छुट्टी पर हैं। इसी कारण व्यवस्था बिगड़ी उन्होंने कहा कि नो एंट्री व्यवस्था को जल्द सुचारू करेंगे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने सीलू घाट पर किया नर्मदा पूजन

## -जिला बहाली को लेकर प्रतिनिधि मंडल को नहीं मिलने दिया, मुख्यमंत्री से प्रदर्शन कर तीन बुजुर्गों ने लगाई नहर में छलांग

सांचौर,(रॉयल पत्रिका)। वदें गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिले के सांचौर उपखण्ड के सीलु गांव में नर्मदा नहर पर नर्मदा पूजन किया। वे सीलु में बने नर्मदेश्वर घाट पहूचें। वहा मुख्यमंत्री ने नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन कर नर्मदा पूजन किया। यहां मुख्यमंत्री ने जन सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि माही परियोजना का पानी सांचौर और जालौर तक पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस दिया में कार्य योजना बनाकर तेजी से कार्य कर रही है। जिससे पेयजल संकट से जूझ रहे इन क्षेत्रों की वर्षो पुरानी समस्या का समाधान हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष में जल सरंक्षण के लिए सरकार ने अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा है। जिससे विकास के नए आयाम स्थापित हुए है। उन्होनें नर्मदा नहर परियोजना कर जिक्र करते हुए कहा कि यह योजना न केवल बाड़मेर व सांचौर की प्यास बुझा रही है, बल्कि हरीयाली भी ला रही है। भविष्य में नर्मदा परियोजना से जुड़ी समस्याओं को सुनियोजित तरीके से सुलझाया जायेगा। जिससे किसानों को बेहतर उत्पादन के साथ-साथ आधुनिक तकनीक के सहारे तीनों सीजन की फसल उगाने में सुविधा मिलेगी और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेगें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगामी चार वर्षों में राज्य सरकार चार लाख सरकारी नौकरियां और छह लाख निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करेगी। उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने जल संरक्षण को सरकार की पहली प्राथमिकता बताते हुए कहा कि लोगों को जागरूक करना और इस अभियान से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने जल संकट को वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौती करार देते हुए इससे निपटने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

प्रभारी मंत्री केके विश्नोई ने कहा कि सरकार ने आमजन के सर्वागीण विकास को लेकर पिछले डेढ़ साल में अनेक योजनाओ को धरातल पर उतारा है, जिनका लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि सरकार ने सता में आते ही जल संरक्षण को प्राथमिकता में रखते हुए व्यापक कार्य शुरू किए है, जिनमें आमजन की भागीदारी अत्यन्त आवश्यक है। सांसद लुम्बाराम चौधरी ने माही जल योजना के जिले को होने वाले लाभ की बात कही। विधायक जीवाराम



चौधरी ने नर्मदा नहर के भरपुर पानी से मिल रहे लाभ को बताते हुए सीलू से हाइवे तक सड़क स्वीकृति की मांग की। विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व सांसद देवजी पटेल ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। उधर जिला बहाली को लेकर पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे लोगों को मुख्यमंत्री से मिलने से रोक दिया। सीएम के कार्यक्रम स्थल से पहले करीब 3 किलोमीटर पहले ही पुलिस ने ग्रामीणों को वैरिकेटिंग लगा कर रोक दिया। तीन बुजुर्गो ने नर्मदा मुख्य कैनाल में छलांग लगा दी। मौके पर तैनात एसडीएआरएफ टीम के गोताखोर नहर में कूदे और मशक्कत के बाद तीनों को बाहार निकाला। विरोध की जानकारी मिलते ही जालौर एसपी ज्ञानचंद्र यादव और सांचौर एडीएम दौलतराम चौधरी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। अधिकारियों ने सात लोगों की कमेटी बनाकर ज्ञापन देने का सुझाव दिया, लेकिन प्रदर्शनकारी इससे सहमत नहीं हुए। घटना के दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस व सुरक्षा बलों की मौजूदगी में माहौल तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बना रहा।

# योग को प्रतिदिन जीवन की दिनचर्या में शामिल कर बने निरोगी- पूर्व सांसद

## -अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में शहरवासियों ने किया योगाभ्यास




सांचौर,(रॉयल पत्रिका)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में उपखण्ड मुख्यालय पर उपखण्ड प्रशासन, आयुर्वेद विभाग एवं नगर परिषद के संयुक्त तत्वाधान में शहर के सीनियर सेकंडरी विद्यालय में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद देवजी भाई पटेल एवं उपखण्ड अधिकारी प्रमोद चौधरी के उपस्थित में उपखण्ड प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया। योग दिवस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आंध्रप्रदेश के विशाखापटनम के राष्ट्रीय समारोह का लाइव प्रसारण देखा एवं उसके बाद सभी ने मिलकर योग क्रियांए की। इस दौरान पूर्व सांसद देवजी पटेल ने कहा कि सिर्फ 21 जून एक हि नही बल्कि अपने जीवन की दिनचर्या में योग को शामिल किया जाए ताकि मन और तन दुरूस्त हो सके। योग को पुरे विश्व ने अपनाया है एवं इससे जटिल से जटिल बीमारियां ठीक हुई है। हमें जीवन में योग करके आरोग्यवान बनाना चाहिए। उपखण्ड अधिकारी प्रमोद चौधरी ने कहा कि पुरे विश्व में योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में सांचौर में भी भव्य आयोजन किया गया है। योग दिवस कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद देवजी पटेल एवं उपखण्ड अधिकारी प्रमोद चौधरी ने पौधे वितरित किए। इस दौरान सीबीईओ पूनमचंद विश्नोई, अमराराम माली, हरीश पुराहित सीलु, दलपतसिंह रणोदर, देवराज चौधरी, नगर परिषद सफाई निरीक्षक विजय पुरोहित, योग प्रशिक्षक छोगाराम, शम्भूसिंह राव, मांगीलाल दर्जी, पार्षद केवलचंद सेठिया, पार्षद पवनराज जीनगर, नोडल डॉ. नरेन्द्र परमार, कंमाउण्डर चम्पालाल, कम्पाउण्डर शकील मोहम्मद शेख, योग प्रशिक्षक कांतिलाल, वृंदा पुरोहित, भावेश सोनी, डूंगरसिह कारोला, गजेन्द्रसिंह कारोला, नारायण पुरोहित, सायब खॉन बेहलिम, हरीया देवासी, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, आमजन सहित सैकड़ो युवा बच्चे व महिलाएं उपस्थित रही।

# चारण गढवी इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा एचपीवी वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन




सोजत, (रॉयल पत्रिका)। चारण गढवी इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा मरूधर केशरी परिसर में एचपीवी वैक्सीनेशन शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर में बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। जिससे वे भविष्य में गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रह सकेंगी।

सीजीआईएफ के ग्लोबल अध्यक्ष भामाशाह अनोपसिंह लखावत ने कहा कि वेक्सीन लगाने का उद्देश्य बालिकाओं को गंभीर बीमारियों से बचाकर उन्हें सुरक्षा प्रदान करना है, साथ ही जन-जागरूकता फैलाना कि एचपीवी वैक्सीन केवल एक टीका नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक सुरक्षा कवच है।

कार्यक्रम का आगाज विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों व चिकित्सा विभाग की टीम का साफा, शाल व मोतियों का हार पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सरस संचालन पुष्पराज मणोत ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व काबिना मंत्री लक्ष्मीनारायण दवे, विधायक शौभा चौहान, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी विकास मारवल, राजा भाई एमडीएम, डीवाईएसपी जेठूसिंह करनोत, ओमप्रकाश उज्ज्वल, सीबीईओ दलपत सिंह, विकास अधिकारी सुरेश कविया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिवेदी, भाजपा नेता महेन्द्र बोहरा पाली, पेंशनर समाज अध्यक्ष लालचंद मोयल, सीआई देवीदान बारहठ, पूर्व खेल अधिकारी सत्तू सिंह भाटी, फौजी अशोक सेन, साहित्यकार अब्दुल समद राही, कीर्ति तंवर, निधि लखावत, बृजमोहन राठी, प्रकाश सिंह लखावत, महिपाल सिंह लखावत, अशोक बारहठ, लोकेश श्रीवास्तव, अनीता श्रीवास्तव आदि कई गणमान्य जन उपस्थित थे।

चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. अशोक गहलोत, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, डॉ. सुमन कविया अजमेर, डॉ. प्रहलाद सिंह, डॉ. नेहा, सरोज, सपना आदि ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दी।

# अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योगाचार्य नईम खान ने सिखायें - स्वास्थ्य उपयोगी ख़ास योगासन

## -अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में स्टाफ सहित रोवर, रेंजर,स्काउट-गाइड, एनसीसी व एनएसएस स्टूडेन्ट्स ने की शिरकत

जोधपुर,(रॉयल पत्रिका)। योग एक शिक्षा पद्धति है जिससे स्वास्थ्य सम्बन्धी बाधाएं व रोग दूर होता है और शांति, उत्साह व जोश का संचार होता है। ये कहना है अन्तरराष्ट्रीय योगाचार्य, भारतीय योग गुरु, चिकित्सकीय उपचारक, ध्यान विशेषज्ञ और कर्म योग जीवन ट्रस्ट के अध्यक्ष नईम खान का। वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शनिवार को बुझावड़, गंगाणा फांटा स्थित यूनिवर्सिटी कैम्पस में मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी व कर्म योग जीवन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को योग शिक्षाओं की जानकारी दे रहे थे।



यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन मोहम्मद अतीक ने बताया कि योग गुरु नईम खान ने अपने पुत्र योगी नाउद खान के साथ इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए हस्त उत्तानासन, शंशाकासन, भुंजगासन, शंस्कासन, मेरूदण्ड आसन, पाद हस्तासन, मरोड आसन, नाडी शोधन प्राणायाम, भ्रामरी, मकरासन योगासन आदि की जानकारी दी तथा सेहत के लिए कई उपयोगी आसन सिखाएं। यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट डॉ. जमील काज़मी ने मानव जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि योग जीवन में बेहतर स्वास्थ्य के साथ अनुशासन भी लाता हैं।

यूनिवर्सिटी बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट मेंबर निसार अहमद खिलजी ने नईम खान का परिचय देते हुए कहा कि जोधपुर के मेहरानगढ़ किले के जसवंत थड़ा स्थल, कई बॉलीवुड हस्तियों सहित कुल 40 देशों में लाखों लोगों के लिए योग की हजारों कार्यशालाएं आयोजित की।

योगाचार्य नईम विश्व स्तर के संगीतकारों के परिवार से हैं। उनके दादा उमरदीन खान (रापट उस्ताद) थे। वे भारतीय सारंगी वादक और गायक पद्मभूषण उस्ताद सुल्तान खान के भान्जे और स्वर्गीय समाजसेवी निज़ामुद्दीन खान के पुत्र है। यूनिवर्सिटी डीन एकेडमिक्स डॉ. इमरान खान पठान ने कहा कि आमजन में योग के प्रति जन चेतना एवं वैश्विक एकता लाने के लिए केन्द्र की ओर से इस बार के 11वें योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है।

योग कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी डीन अकेडमिक, प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, स्टाफगन सहित एनसीसी व स्काउट गाइड विद्यार्थियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के पूर्व में अखिल भारतीय मीर समाज के अध्यक्ष नवाब खान, योग गुरू नईम खान व योगी नाउद खान का राजस्थानी पगडी से स्वागत सम्मान किया गया।

धन्यवाद यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट डॉ. जमील काज़मी ने दिया। संचालन अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ. मरजीना ने किया।

# राजवंशी खान महासभा कायमखानी चूरू द्वारा तहसील स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित हुआ

## -200 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर राजवंशी खान महासभा का छठा तहसील स्तरीय सम्मान समारोह तेलियान बाड़ी में प्रातः 10 बजे आयोजित हुआ। सम्मान समारोह की अध्यक्षता हकीम उमरदीन खां मोयल, पूर्व वरिष्ठ अधिकारी युनानी अस्पताल आयुर्वेद विभाग राजस्थान ने की, मुख्य अतिथि समाजसेवी हाजी जाफर खां चौहान और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी भंवरू खां चौहान ओवरसियर एवं शिक्षाविद हाजी युसूफ खान चौहान संरक्षक, संस्था अध्यक्ष सिराज खान जोइया, सत्तार खान चायल,व रमजान खान जोईया, रोनके स्टेज रहे । समारोह में राजवंशी खान महासभा द्वारा समाज की 10 श्रेणियों में प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया । जिसमें समाज के डॉक्टर,शिक्षक , एडवोकेट्स और अन्य विभाग के कर्मचारीगण एवं छात्र -छात्राएं और सीनियर- सिटीजन पुरुष- महिलाओं का फूल माला व शोल उढाकर सम्मान किया गया एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। समारोह से पूर्व कुरान पाक की पवित्र आयत पढ़कर आगाज किया गया और मेहमानों का फूल माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे हकीम उमर दिन खां मोयल ने कहा शिक्षा और प्रतिभा दोनों ही जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। शिक्षा हमें ज्ञान और कौशल प्रदान करती है, जबकि प्रतिभा हमें विशिष्ट क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद



करती है। और कहा कि बेटियों की भागीदारी शिक्षा और प्रतिभा में उत्कृष्ट रही उसके लिए उनके माता-पिता को धन्यवाद देता हूं। मुख्य अतिथि और वशिष्ठ अतिथि ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व के बारे में कहा राजवंशी महासभा अध्यक्ष सिराज खा जोईया ने कहा समाज में जो प्रतिभाएं निखर कर आई हैं वह शिक्षा के माध्यम से आई है। हमे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्राप्त करना चाहिए यह हमें अपने करियर में आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने में मदद करती है। प्रतिभा हमें विशिष्ट क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद करती है। यह हमें अपने शौक और रुचियों को विकसित करने और उन्हें अपने करियर में शामिल करने में मदद करती है। शिक्षा और प्रतिभा दोनों का संतुलन बनाकर, हम अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं और अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजनो में रमजान खान मोयल कार्यालय अधीक्षक रि., रसीद खान मोयल प्रिंसिपल रि., यासीन खान पी टी आई रि., वाजिद खान एईएन बिजली बोर्ड, अब्दुल सतार चौहान, अब्दुल अजीज खान मोयल, हाजी इनायत खान बहलिम, हाकम खान चायल, राजू खान चायल, असलम खान मोयल प्रधानाचार्य, मुस्ताक खान मोयल, मैनुद्दीन खा मोयल ,अयूब खान चायल ,यूसुफ खान जोईया, अब्दुल रहमान, रिहान जोईया, शोएब खान जोईया, शादाब अली, वकार अली, फरियाद खान चायल, महमूद खान जोईया, जाफर खान मोयल, नजीर खान सरखेल, असलम खान, सलीम खान सर्वा,समीर खान अध्यापक आदि मौजूद रहे। शिक्षाविद युसूफ खान चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रमजान खा मोयल, यासीन खा पीटीआई ने संयुक्त रूप से किया।

# स्वास्थ्य, योग और मातृत्व का संगम: गीतांजली हॉस्पिटल की अहम भागीदारी




उदयपुर,(रॉयल पत्रिका)। गीतांजली हॉस्पिटल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित फिटनेस कार्यक्रम में शनिवार को मेडिकल पार्टनर के रूप में भाग लिया। यह आयोजन शरीर और मन के रूपांतरण का एक अद्वितीय अनुभव साबित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और इसे अत्यंत सफल बनाया।

इस विशेष अवसर पर, गीतांजली हॉस्पिटल के स्त्री एवं प्रसूति विभाग की प्रोफेसर एवं यूनिट हेड डॉ. अर्चना शर्मा ने एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता दी। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के लिए योग के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाया और बताया कि कैसे योग गर्भावस्था के दौरान मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने में मदद करता है। उनकी प्रस्तुति प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक रही।

# रिहाना पठान सामाजिक कार्यकर्ता का जयपुर में 30 जून को सम्मान

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू, (रॉयल पत्रिका)। हमारी ख्वाहिश राजगढ़ की अध्यक्ष एव सामाजिक कार्यकर्ता रिहाना पठान को उनके सेवाकार्यों के लिए जयपुर में सम्मानित किया जाएगा। रिहाना पठान ने एनजीओ के माध्यम से बालिका शिक्षा, महिला शसक्तीकरण, पर्यावरण संरक्षण सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है। के. सेवन एंटरटेनमेंट की ओर से होटल रीगल, रिदम होटल्स, निर्माण नगर जयपुर में आयोजित समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उन्हें मंच प्रदान किया जाएगा।

# शहर में लगाये जा रहे स्मार्ट बिजली मीटर का कांग्रेस ने किया विरोध



पाली, (रॉयल पत्रिका)। पाली जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजीज दर्द के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के मार्फत राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्राईवेट कम्पनियों द्वारा लगाये जा रहे बिजली के मीटरों पर तत्काल रोक लगाने हेतु मांग की। तथा राजस्थान राज्य एवं पाली जिले में प्राईवेट कम्पनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू किया जो सरकारी लैब में भी टेस्ट नहीं हुवे है। इससे आमजन में भय हो रहा है कि अब बिजली का बिल ज्यादा लगेगा क्यूंकि ऐसा बताया जा रहा है। यह मीटर तेज रफ्तार से चलेगे और इससे जो पुराने मीटर हटाये जायेगे उसमें भी सरकार को करोडों का नुकसान होगा क्यूंकि वह सभी कबाड़ में डाल दिये जायेगे जब की होना यह था कि जो मीटर खराब है वह बदलने चाहिये सभी मीटर खराब नहीं है। प्राईवेट स्मार्ट मीटर सरकारी लैब में भी टेस्ट नहीं किये जा रहे है। जिससे यह महसूस हो रहा है कि कोई कम्पनी सरकार के आला अधिकारियों से मिली भगत करके यह मीटर लगाने की कार्यवाही कर रही हैं।

अतः स्मार्ट मीटर लगाने पर तत्काल रोक लगाई जाये और आमजन को बेवजह होने वाली हानी और परेशानी से बचाने की मांग की। यह जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता रफीक चौहान ने बताया कि इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजीज दर्द, पीसीसी उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह राजपुरोहित, पुर्व जिलाध्यक्ष चुन्नीलाल चाड़वास, पीसीसी सदस्य महावीरसिंह सुकरलाई, वरिष्ठ नेता जब्बरसिंह राजपुरोहित, पाली शहर ब्लॉक अध्यक्ष जीवराज बोराणा, चेलाराम रारबडा, पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सांखला, जिला प्रवक्ता रफीक चौहान, मांगुसिह दूदावत, पुर्व पार्षद आमीन अली रंगरेज, जयेश मेवाड़ा सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# पार्षद अनीस खान का जन्मदिन दुआएं देकर मनाया गया

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर वार्ड नंबर 24 के पार्षद अनीश खान का जन्मदिन वार्ड वासियों ने बड़ी ही धुम-धाम से मनाया युवाओं ने केक काटकर ओर वार्ड के बुजुर्गों ने दुआएं दे कर खुशी जाहिर की अनीश खान ने वार्ड में विकास की गंगा बहाई ओर वार्ड में हर जाति धर्म के लोगों का स्नेह प्राप्त किया। ज्ञात रहे जिला मुख्यालय पर 15 अगस्त को सबसे बेहतर कार्य करने के लिए ईमानदार कर्तव्य निस्टता एवं विकासशील प्रशासन के सहयोग के लिए जिला प्रशासन ने सम्मानित किया था । इस अवसर पर मोहल्ले के बुजुर्गो ने दुआओं से नवाजा और उज्जवल भविष्य की कामना की हाजी अब्दुल अजीज खान, हाजी नबाब खान, हाजी जीवन खान, हाजी भवरु खा,बशीर खा, इकराम



हुसैन, ,सदिक खान, इशाक खान ,जाकिर खान के के ,जावेद खान ,सलीम खान , अहसान खान ,हासमत खान, परवेज खान, सिकंदर खान और एडवोकेट अनीश खान (पी पी), शक्ती सिंह भाटी, परमेशर, प्रेमचंद,मनीष कुमावत आदि मौजूद रहे।

# जल भराव की समस्याओं को लेकर नगर पालिका प्रशासन के सामने फाड़ा ज्ञापन, दी चेतावनी



चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती कस्बा रतन नगर के वार्ड नं 19,15 व 18 के मध्य रानी शक्ति सड़क पर हो रहे जल भराव को लेकर आज वार्ड वासीयों ने किया नगरपालिका प्रशासन का घेराव व ज्ञापन देने की बजाय यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष आसिफ खान ने ज्ञापन को फाड़कर नगरपालिका आयुक्त को सौंपा और 5 दिन में समस्या का समाधान नही होने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष आसिफ खान ने बताया कि लंबे समय से मोहल्ले वासी गन्दे जल भराव की समस्या को लेकर परेशान है और बारिश होने पर लोगो के घरों में पानी भर जाता है बार बार प्रशासन को अवगत करवाया गया लेकिन कोई हल नही निकला। उसके बाद आज वार्ड वासीयों ने नगरपालिका पहुंचकर आयुक्त को ज्ञापन फाड़कर सौंपा गया व आगामी 5 दिनों में समस्या का समाधान ना होने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी गयी। इस दौरान एन आर भाटिया,कैलाश मेघवाल, धनाराम बुधिया, शीशपाल मेघवाल, गजेंद्र शर्मा,आनंद भाटिया, योगेंद्र मीणा, विनोद मेघवाल, साजिद अली, जे पी शर्मा, घीसाराम मेघवाल, अरशद खान, समीर गौरी सहित सेंकडो की संख्या में मोहल्ले वासी उपस्थित रहे।

# ईरान पर यूएस के हमले को लेकर ओवैसी ने पाकिस्तान को चमकाया

# सभी के चेहरे हो गए बेनकाब, क्या इसी के लिए लंच किया था?

*ईरान और इजराइल के बीच जारी जंग और अमेरिका के ईरान की तीन परमाणु साइट्स पर हमलों को लेकर भारत में भी सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी और पूर्व मुख्यमंत्री फारुख ने अमेरिका के रवैए पर नाराजगी जताई है।*

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

ईरान और इजराइल के बीच जारी जंग और अमेरिका के ईरान की तीन परमाणु साइट्स पर हमलों को लेकर भारत में भी सियासी बयानबाज़ी तेज हो गई है। हैदराबाद से सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस मुद्दे पर पाकिस्तान और अमेरिका की भूमिका पर तीखा हमला बोला है। ओवैसी ने सवाल उठाया कि क्या पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर ने इसी मकसद से अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ लंच किया था? उन्होंने कहा कि आज सभी के चेहरे बेनकाब हो गए हैं। क्या पाकिस्तान ने इसी वजह से डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल पीस प्राइज के लिए नामित किया था?

## ईरान-इजराइल के बीच जारी जंग और अमेरिका के ईरान की परमाणु साइट्स पर हमलों को लेकर भारत में भी सियासी बयानबाज़ी तेज



### ट्रंप ने अपने ही देश के संविधान का उल्लंघन किया

ओवैसी ने आरोप लगाया कि ट्रंप ने अपने ही देश के संविधान का उल्लंघन किया है। यूनाइटेड नेशंस चार्टर ( ) का उल्लंघन किया और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का भी उल्लंघन किया है। एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया है कि अमेरिकी बी-2 स्पिरिट बमवर्षक विमानों ने मिसौरी से लगभग 37 घंटे तक बिना रुके उड़ान भरी और रविवार को सुबह-सुबह ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर हमला' किया, जिसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 'बहुत सफल हमला' बताया है।

### ईरान पर अमेरिकी हमले से भड़के फारुख

## उन्हें कर्बला याद है.. इसी तरह से परिणाम भुगतने पड़ेंगे

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला ने ईरान इजरायल के युद्ध और ईरान में अमेरिकी हमलों पर मुस्लिम देशों की चुप्पी पर निराशा जाहिर की है।



उन्होंने मुस्लिम देशों को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर वह आज खड़े नहीं हुए तो आने वाले वक्त में उन्हें भी इसी तरह से परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने ईरान की जिद की तारीफ करते हुए कहा कि ईरान कभी नहीं झुकेगा।

### मुस्लिम देशों के व्यवहार पर निराश

अब्दुल्ला ने मुस्लिम देशों से के व्यवहार पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा मुझे इस बात पर निराशा है कि ईरान पर किए गए हमले को लेकर पूरी मुस्लिम दुनिया चुप है। आज ईरान इन हमलों का सामना कर रहा है। अगर इस पर भी मुस्लिम देश नहीं जागे तो कल अमेरिका उनके लिए आएगा.. अगर वह चुप रहे तो यह मानकर चलिए कि वह अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

### अमेरिकी हमलों को लेकर शिवसेना सांसद का तंज

## अमेरिका ने वोट ट्रंप को दिया और बॉस नेतन्याहू बन गए

मुंबई। ईरान पर अमेरिकी हमलों और इस्राइल अमेरिका के बीच मजबूत होते संबंधों को लेकर शिवसेना (यूबीटी) की



सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने राष्ट्रपति ट्रंप के लिए वोट दिया, लेकिन नेतन्याहू को अपना बॉस बना लिया। अमेरिकी हमलों को लेकर रक्षा विशेषज्ञ संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि हमलों ने संघर्ष में बढ़ोतरी की है। ईरान के परमाणु बुनियादी ढांचे को झटका दिया। श्रीवास्तव ने कहा कि इस्राइल और अमेरिका द्वारा की गई कार्रवाई एक बड़ी वृद्धि है। इन कार्रवाइयों के कारण ईरान को विनाशकारी झटका लगा है और इस हमले में ईरान की गहरी भूमिगत परमाणु सुविधाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। चाहे वह ट्रंप प्रशासन हो या कोई अन्य प्रशासन, सभी ने अपने विचार व्यक्त किए हैं कि वे ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे।

## खबर संक्षेप

### सीमेंट के ट्रेलर में घुसी कार, 4 की मौत

देहरादून। यहां रविवार तड़के दर्दनाक हादसा हो गया। आशारोड़ी के पास सीमेंट के ट्रेलर में कार ने



पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार में बैठे हरियाणा के 4लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल है। घटना करीब साढ़े तीन बजे की है। वाहन मारुति रिट्ज सहारनपुर की ओर से देहरादून आ रही थी।

### विद्युत टीम और पुलिस पर पथराव,12 घायल

आगरा। यहां के फतेहाबाद में बिजली चोरी रोकने के लिए शनिवार को बमरौली कटारा के



मदरा गांव गई विद्युत टीम और पुलिसकर्मियों पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। पुलिस ने भी लाठियां भांजी। 2 दरोगा समेत करीब 12 लोग घायल हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें पीटा है। बमरौली में चोरी हो रही थी।

### मुंबई में देह व्यापार, 8 लोगों को किया अरेस्ट

महाराष्ट्र। मुंबई की मालवणी पुलिस ने सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया था और मौके से 3 बांग्लादेशी महिला नागरिक को रेस्क्यू किया था। नौकरी का लालच देकर उन्हें बांग्लादेश से मुंबई लाया गया और देह व्यापार में धकेल दिया गया। 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने ईसी की पहल

# बिहार चुनाव से पहले वोटर लिस्ट की होगी जांच, घर-घर मतदाताओं का करेंगे सत्यापन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग (ईसी) मतदाता सूची की समीक्षा के दौरान घर-घर जाकर वोटरों का सत्यापन करने की योजना पर गंभीरता से विचार कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, यह कदम निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से उठाया जा सकता है।हाल के वर्षों में वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने या गलत तरीके से जोड़े जाने को लेकर कई राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस समेत कई दलों ने आरोप लगाया है कि आयोग वोटर लिस्ट में हेरफेर कर सत्ताधारी दल को फायदा पहुंचा रहा है। वहीं तमाम राजनीतिक दलों की तरफ से लगाए जा रहे आरोपों पर चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि वे पूरी प्रक्रिया एक तय प्रोटोकॉल और सभी राजनीतिक दलों की निगरानी में पारदर्शी ढंग से करते हैं। इसके बावजूद आयोग पर मनमाने ढंग से आंकड़े बढ़ाने के आरोप लगाए जाते हैं, जो निराधार हैं।

### भारत निर्वाचन आयोग कई पहलुओं पर कर रहा गंभीरता से विचार

**यह होगी घर-घर सत्यापन प्रक्रिया?**

- *हर घर जाकर नाम, पता, उम्र, फोटो आदि की जांच की जाएगी*
- *अगर किसी मतदाता का नाम गलत तरीके से जुड़ा है या हटाया गया है, तो उसे ठीक किया जाएगा*
- *नए योग्य मतदाताओं को सूची में जोड़ा जाएगा*
- *मृत या स्थानांतरित हो चुके लोगों के नाम हटाए जाएंगे*




### वोटर लिस्ट को त्रुटिरहित बनाने का रखा लक्ष्य

सूत्रों ने बताया कि प्रणाली को मजबूत और किसी भी तरह की त्रुटि से मुक्त बनाने के लिए, चुनाव आयोग बिहार विधानसभा चुनावों से पहले आगामी मतदाता सूची संशोधन के दौरान मतदाता सूचियों को शुद्ध करने के लिए घर-घर जाकर गहन सत्यापन करने पर विचार कर रहा है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का ऐसा गहन और कड़ा संशोधन पहले भी किया जा चुका है और आखिरी बार ऐसा अभ्यास 2004 में किया गया था।

### बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर माहौल गरम

बिहार विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होने की संभावना है। राज्य में राजनीतिक माहौल भी गरमाया हुआ है और ऐसे में वोटर लिस्ट मुद्दा काफी अहम बन चुका है। फिलहाल राज्य में जनता दल (यू), भाजपा और हिंदुस्तानी अवामी मोर्चा का एनडीए गठबंधन सत्ता में काबिज है। वहीं विपक्ष में राजद और कांग्रेस के साथ-साथ कई अन्य दल भी मौजूद हैं। पिछले दिनों गृहमंत्री शाह के बयान ने सियासत में और गरमी ला दी थी। हालांकि बाद में इस पर प्रादेशिक अध्यक्ष ने सफाई पेश कर के मामले का पटाक्षेप कर दिया था। इस बीच, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और आरजेडी के दिग्गज नेता और लालू प्रसाद यादव के पुत्र के बीच व्यंग्यबाण भी आग में एक तरह से घी डालने का काम कर रहे हैं। कुल जमा सि बीच बिहार में राजनीतिक पारा काफी गरमाया हुआ है।

**नीतीश कुमार का एक और चुनावी दांव**

## गरीब परिवारों को मिलेंगे 2-2 लाख रुपए, 94 लाख होंगे लाभान्वित

पटना। बिहार में 2025 के विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहे हैं, राजनीतिक दलों



ने जनता को लुभाने के लिए नई-नई योजनाओं की झड़ी लगा दी है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक नई रोजगार योजना की घोषणा की है, जिसे लेकर राजनीतिक हलकों में जबरदस्त चर्चा है। इस योजना के जरिए राज्य सरकार 94 लाख गरीब परिवारों को स्वरोजगार शुरू करने के लिए 2-2 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की प्लानिंग कर रही है।बेरोजगारी लंबे समय से बिहार की राजनीति का सबसे संवेदनशील मुद्दा रहा है। विपक्ष ने लगातार इस पर सरकार को घेरा है, खासकर आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव ने अपने चुनावी वादों में 10 लाख नौकरियों की घोषणा से इस मुद्दे को गरमा या था। ऐसे में नीतीश सरकार का यह नया कदम एक रणनीतिक जवाब की तरह देखा जा रहा है।

### 2023 की जनगणना को आधार बनाया

इस योजना का आधार 2023 में हुई जातीय जनगणना है, जिसकी रिपोर्ट के मुताबिक 94 लाख परिवार ऐसे हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और स्वरोजगार के लिए मदद के पात्र माने गए हैं। सरकार इन्हें सीधी वित्तीय सहायता दे रही है ताकि वे अपना खुद का काम शुरू कर सकें - जैसे कि छोटा व्यवसाय, पशुपालन, दुकान आदि।

### शाह ने नवा रायपुर में लैब की आधारशिला रखी

# बारिश में नक्सली मौज में थे, अब चैन से नहीं रहेंगे

शाह का छत्तीसगढ़ में 2 दिवसीय दौरा



रॉयल पत्रिका

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर और केंद्रीय न्यायालयिक प्रयोगशाला की आधारशिला रखी। राज्य का गृह विभाग संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने नवा रायपुर में एनएफएसयू के लिए 40 एकड़ जमीन आवंटित की है तथा इसे केंद्र द्वारा लगभग 400 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा। 6-7 एकड़ भूमि पर न्यायालयिक प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी। शर्मा ने बताया कि यात्रा के दौरान शाह नक्सली विस्फोट में मारे गए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे के परिजनों से मुलाकात करेंगे। 9 जून को सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए बम की चपेट में आकर गिरपुंजे की मौत हो गई थी। इस दौरान शाह ने नक्सलियों को एक बार फिर कड़ी चेतावनी जारी की है।

### आज विकास कार्यों की समीक्षा

राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि 2दिवसीय दौरे के दौरान शाह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में हिस्सा लिया जिसमें राज्य के वर्तमान सुरक्षा हालात और नक्सल उन्मूलन अभियानों की गहन समीक्षा की। उन्होंने बताया कि शाह दौरे के दूसरे दिन 23 जून को नारायणपुर जिले में जाएंगे, जहां वह जवानों से संवाद करेंगे और नक्सल प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की जमीनी समीक्षा करेंगे।

### नक्सलियों को सरेंडर करने को कहा

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने एक बार फिर नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने का अपना संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि यहीं कह कर गया था कि 31 मार्च 2026 को ये देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा और हम लक्ष्य को पूरा करेंगे। शाह ने नक्सलियों को चेतावनी देते हुए कहा कि पहले बारिश में नक्सली आराम कर लेते थे, लेकिन इस बार बारिश में भी उनको सोने नहीं देंगे। जो नक्सलवाद के रास्ते पर भटक कर चले गए हैं। उनसे अपील है कि सरेंडर कर दीजिए। आपको विश्वास दिलाता हूं जो वादा सरकार ने किया है उसको पूरा करेंगे।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने आईसीएआर-केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल की समीक्षा की

## चौहान ने संस्थान द्वारा विकसित 'ट्रैक्टर चालित प्लास्टिक मल्च लेयर-कम-प्लांटर' का अवलोकन भी किया



रॉयल पत्रिका

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को आईसीएआर-केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान (सीआईएई), भोपाल का दौरा किया।

उन्होंने वैज्ञानिकों, छात्रों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कृषि के विकास में संस्थान के योगदान की सराहना की और किसान-हितैषी प्रौद्योगिकियों के तीव्र विकास तथा विकसित प्रौद्योगिकियों को किसानों, विशेषकर छोटे किसानों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। चौहान ने संस्थान द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की और संस्थान के एआईसीआरपी के नेटवर्क के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताओं की पहचान करने तथा दस वर्षों में मशीनीकरण संबंधी क्रियाकलाप की योजना बनाने की जरूरत पर बल दिया, ताकि देश विकसित भारत अभियान की दिशा में एक तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने छोटे इंजन द्वारा संचालित या वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों से संचालित मशीनरी विकसित करने तथा सेंसर आधारित प्रणालियों के अलावा अन्य प्रणालियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। चौहान ने देश के विभिन्न स्थानों पर किसान मेले आयोजित करने तथा सभी हितधारकों के साथ विचार-विमर्श सत्र आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की, ताकि निकट भविष्य में देश में मशीनीकरण की रूपरेखा तैयार की जा सके। इसके अलावा उन्होंने खाद्य सुरक्षा, मृदा स्वास्थ्य तथा प्रयोगशाला से भूमि तक प्रौद्योगिकियों के प्रभावी हस्तांतरण के महत्व पर जोर दिया।

**शुक्रवार को माता परमेश्वरी देवी का हुआ था निधन, शनिवार को खांडा खेड़ी में किया गया अंतिम संस्कार**

# माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर रोहतक पहुंचे दिग्गज नेता, सिंधु भवन में दी श्रद्धांजलि

स्मृति



रोहतक। हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शोक जताने के लिए रविवार को दिनभर राजनेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों का सिंधु भवन सेक्टर 14 रोहतक में तांता लगा रहा। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल सहित हरियाणा सरकार के कई कैबिनेट मंत्री, पूर्व मंत्री, सांसद, विधायक और अन्य गणमान्यजन पहुंचे और माता परमेश्वरी देवी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि माता परमेश्वरी देवी का शुक्रवार को निधन हो गया था। शनिवार को रोहतक से उनके पैतृक गांव खांडा खेड़ी (जिला हिसार) तक अंतिम यात्रा निकाली गई, जहां पूरे विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सभी नेताओं ने परमेश्वरी देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने जीवन भर परिवार और समाज के उत्थान के लिए कार्य किया। उनके द्वारा दिए गए संस्कारों के कारण ही आज सिंधु परिवार राष्ट्र और समाज सेवा में अग्रणी है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अन्य गणमान्यजन भी उपस्थित रहे, जिनमें राजनीतिक, प्रशासनिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी कई हस्तियां शामिल थीं। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकसंतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।



इस अवसर पर राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, चरखी दादरी विधायक सुनील सांगवान, विधायक भगवान दास नीलोखेड़ी, भाजपा नेता विक्रम ठेकेदार, पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स, आरएसएस से सीताराम व्यास, आरएसएस के प्रांत प्रचारक डॉ. सुरेंद्र पाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, रणजीत चौटाला पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक सोमबीर सांगवान सहित पूर्व विधायक सरिता नारायण ने भी श्रद्धांजलि भेंट की।

### प्रमुख नेताओं के श्रद्धांजलि संदेश

- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी एक तपस्विनी और संस्कारशील महिला थीं। उनका जाना समाज की अपूरणीय क्षति है।
- कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी ने जीवन भर सादगी, सेवा और संस्कारों से भरपूर जीवन जिया। वे एक प्रेरणा थीं, जिन्होंने अपने परिवार को न केवल सामाजिक मूल्यों से जोड़े रखा बल्कि राष्ट्रसेवा की राह भी दिखाई। मैं उन्हें शतशतनमन करता हूं।
- कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि परमेश्वरी देवी जी का जीवन समाज के लिए एक मार्गदर्शक की तरह था। सिंधु परिवार को ऐसे संस्कार देना अपने आप में बहुत बड़ी बात है।
- ओलंपिक संघ हरियाणा के अध्यक्ष मीनू बेनीवाल ने कहा कि परमेश्वरी देवी जी का स्नेहिल और अनुशासित व्यक्तित्व समाज के लिए उदाहरण था। उनकी ममता और जीवन मूल्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।
- बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी ने अपने परिवार को ही नहीं, पूरे समाज को आदर्श दिए। उनका संयम, त्याग और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।
- सूचना आयुक्त अमरजीत सिंह ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी का जीवन दर्शन हमें जीवन में दृढ़ता और सेवा भावना की सीख देता है। उन्होंने जो संस्कार दिए, वे अमिट रहेंगे।
- राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि एक महिला के रूप में परमेश्वरी देवी जी ने अपनी भूमिका को पूरी गरिमा से निभाया। उन्होंने अपने परिवार को देश सेवा के लिए तैयार किया, यह उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।
- भाजपा नेता सुभाष बराला ने कहा कि हम सभी के लिए माता परमेश्वरी देवी जी का जीवन प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने जीवन में अनुशासन, नैतिकता और समर्पण को महत्व दिया।
- पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व विरले होते हैं, जो स्वयं तो सरल जीवन जीते हैं, लेकिन समाज को गहरे स्तर पर प्रभावित करते हैं। माता जी का आशीर्वाद हमें सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा।
- पूर्व मंत्री बिरेंद्र डूमरखां ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी की विनम्रता और दूरदर्शिता समाज में एक विरल उदाहरण है। उनका जाना सिर्फ एक परिवार की नहीं, समाज की भी क्षति है।
- कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि उनका स्नेह, विचार और अनुशासन हर एक व्यक्ति के मन को छू जाता था। उन्होंने जिस तरह अपने बच्चों को संस्कारित किया, वह अनुकरणीय है।
- पूर्व मंत्री, छतीसगढ़ जय सिंह अग्रवाल ने कहा कि माता जी का जीवन दर्शन भारतीय संस्कृति की आत्मा को दर्शाता है।
- पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जैसी सशक्त और सहनशील महिलाओं के योगदान को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। वे हमारी सांस्कृतिक परंपरा की सच्ची प्रतिनिधि थीं।
- एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्व हिन्दू तख्त के प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने शोक संतप्त परिवार से भेंट की और उन्हें सांत्वना दी।
- कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी और स्वर्गीय मित्रसेन सिंधु जी ने परिवार को ऐसे संस्कार दिए हैं जिसकी वजह से उनकी पूरे समाज में पहचान है।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,